
वर्ष : 34 | अंक : 279 | मुंबई, मंगलवार, 16 दिसंबर 2025 | RNI: MAHHIN/49994/91 | मूल्य : 3 रुपए | epaper.dobajedopahar.com | संपादक : अरुण लाल | संरक्षक : एन. के. पुरोहित

# DBD
## दो बजे दोपहर
पत्रकारिता पावर नहीं रिस्पांसिबिलिटी है



### किन नगर पालिकाओं में चुनाव होंगे?

**मुंबई MMRDA डिवीजन:**
- मुंबई
- नवी मुंबई
- ठाणे
- कल्याण-डोंबिवली
- वसई-विरार
- भिवंडी
- मीरा-भायंदर
- उल्हासनगर
- पनवेल

**वेस्टर्न महाराष्ट्र डिवीजन:**
- पुणे
- पिंपरी-चिंचवाड़
- कोल्हापुर
- सांगली
- सोलापुर
- इचलकंजी

**नॉर्थ महाराष्ट्र डिवीजन:**
- नासिक
- अहिल्यानगर
- धुले
- जलगांव
- मालेगांव

**मराठवाड़ा डिवीजन:**
- छत्रपति संभाजीनगर
- लातूर
- नांदेड़-वाघड़ा
- परभणी
- जालना

**विदर्भ डिवीजन:**
- नागपुर
- अकोला
- अमरावती
- चंद्रपुर

### मुंबई समेत 18 म्युनिसिपैलिटीज का टर्म 2022 में ही खत्म

कमिश्नर दिनेश वाघमारे ने कहा कि आज की प्रेस कॉन्फ्रेंस 31 जनवरी, 2026 के आखिर तक खत्म हो चुके लोकल बॉडीज के चुनाव कराने की प्लानिंग और उसके हिसाब से बनाई गई प्लानिंग के बारे में जानकारी देने के लिए रखी गई है। मैं आपको बताना चाहूंगा कि यह प्रेस कॉन्फ्रेंस राज्य में म्युनिसिपल चुनावों के लिए है। यह प्रेस कॉन्फ्रेंस महाराष्ट्र की 29 म्युनिसिपैलिटीज के चुनावों के बारे में है। इनमें से 27 म्युनिसिपैलिटीज़ का टर्म खत्म हो चुका है। टर्म 2020 में ही खत्म हो गया था। मुंबई समेत 18 म्युनिसिपैलिटीज का टर्म 2022 में खत्म हो गया था। 4 म्युनिसिपैलिटीज़ का टर्म 2023 में खत्म हो गया

### नगर निगम चुनावों का शेड्यूल?

राज्य चुनाव आयोग के कमिश्नर दिनेश वाघमारे ने बताया कि 29 नगर पालिकाओं के चुनावों के लिए नॉमिनेशन पेपर लेने का समय 23 दिसंबर से 30 दिसंबर, 2025 तक होगा। इन नॉमिनेशन पेपर की स्क्रूटनी 31 दिसंबर, 2025 को होगी। नाम वापस लेने की आखिरी तारीख 2 जनवरी, 2026 होगी। चुनाव निशान बांटे जाएंगे और उम्मीदवारों की फाइनल लिस्ट 3 जनवरी, 2026 को जारी की जाएगी। इन नगर पालिकाओं के लिए वोटिंग 15 जनवरी को होगी। वोटों की गिनती 16 जनवरी, 2026 को होगी।

### कमिश्नर दिनेश वाघमारे ने दिए जवाब

दिनेश वाघमारे ने बताया कि मुंबई म्युनिसिपल कॉर्पोरेशन को छोड़कर बाकी नगर पालिकाओं में वोटर्स को एक बार में 3, 4 या 5 उम्मीदवारों के लिए वोट करना होगा। इस मौके पर इलेक्शन कमिश्नर ने और भी जरूरी जानकारी दी। स्टेट इलेक्शन कमीशन कमिश्नर दिनेश वाघमारे से पत्रकारों ने वोटर्स और वोटर्स के एड्रेस को लेकर पैदा हुए कन्फ्यूजन के बारे में सवाल किया। दिनेश वाघमारे ने इसका डिटेल में जवाब दिया।

# खत्म हुआ इंतजार




अमित बृज । मुंबई

महाराष्ट्र चुनाव आयोग ने मुंबई महानगरपालिका (BMC) के चुनाव की तारीखों की घोषणा कर दी है। महाराष्ट्र चुनाव आयोग ने सोमवार को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस की। इस प्रेस कॉन्फ्रेंस में आयोग के कमिश्नर दिनेश वाघमारे ने बताया कि बीएमसी चुनाव के साथ-साथ अन्य 29 नगर निगमों में 15 जनवरी को वोटिंग होगी। इसके ठीक एक दिन बाद 16 जनवरी, 2026 को मतगणना की जाएगी और इसके साथ ही नतीजो का ऐलान भी कर दिया जाएगा। इस चुनाव में दो नए नगर निगम को भी जोड़ा गया है, जहां पर पहली बार मतदान होंगे। राज्य निर्वाचन आयुक्त दिनेश वाघमारे ने कहा कि राज्य के प्रमुख शहरी केंद्रों के इन नगर निकायों में 3.48 करोड़ से अधिक मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करने के पात्र हैं।

- 15 जनवरी को महाराष्ट्र में 29 नगर निकायों में वोटिंग
- 16 जनवरी को एकसाथ की जाएगी मतों की गिनती
- बीएमसी की 227 सीटों पर होगा मतदान

**3.48 करोड़ से अधिक मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे राज्य के इन नगर निकायों में**

### सालों से टल रहे थे महाराष्ट्र नगर निगम के चुनाव


सुप्रीम कोर्ट ने पहले ही स्टेट इलेक्शन कमीशन को 31 जनवरी, 2026 से पहले इलेक्शन कराने का ऑर्डर दिया है। इसलिए, स्टेट इलेक्शन कमीशन ने अब दूसरे फेज के चुनाप की घोषणा की है। मुंबई, पुणे, ठाणे, नागपुर, नवी मुंबई और छत्रपति संभाजीनगर समेत राज्य के कुल 29 जरूरी शहरों में म्युनिसिपल इलेक्शन का अनाउंसमेंट किया गया है। ये इलेक्शन पिछले कई सालों से डिले हो रहे थे।

### किस वोटर लिस्ट का होगा इस्तेमाल?

दिनेश वाघमारे ने कहा कि हम सेंट्रल इलेक्शन कमीशन की वोटर लिस्ट का इस्तेमाल करेंगे। हम इस चुनाव में 1 जुलाई, 2025 तक लिस्ट का इस्तेमाल करेंगे। हमें इस लिस्ट में डुप्लीकेट वोटर्स मिले हैं। इस पर एक्शन चल रहा है। इसमें एक और गड़बड़ हुई, क्योंकि नवी मुंबई म्युनिसिपल कॉर्पोरेशन एरिया में एक कंप्लेंट मिली थी।







### घर में 150 वोटर्स कैसे दिखाए?

न्यू मुंबई म्युनिसिपल कमिश्नर के घर में 150 वोटर्स दिखाए गए थे। उन्होंने इन्वेस्टिगेशन में जो सामने आया, उसकी भी जानकारी दी। वाघमारे ने कहा कि मामले की जांच की गई। जांच में पाया गया कि वोटर के पते में 'सेक्शन एड्रेस' लिखा था। 'सेक्शन एड्रेस' वोटर का असली पता नहीं है, बल्कि घर के पते का एक लैंडमार्क है।

### टॉयलेट में 10 वोटर रजिस्टर्ड

इसी तरह, एक शिकायत यह भी थी कि नवी मुंबई म्युनिसिपल कॉर्पोरेशन इलाके के एक टॉयलेट में 10 वोटर रजिस्टर्ड थे। इसकी भी जांच की गई। जांच में पता चला कि जिस बिल्डिंग में टॉयलेट था, उसके पहले और दूसरे फ्लोर पर लोग रहते थे। टॉयलेट का पता इसलिए दिखाया जा रहा था क्योंकि वे लोग ऊपर वाले फ्लोर पर रहते थे। चुनाव आयोग ने इन दोनों मामलों में साफ किया कि पते में कन्फ्यूजन टेक्निकल वजहों से था और वोटर रजिस्ट्रेशन में जानबूझकर कोई गलती नहीं की गई थी।

### एनसीपी से होगा 'दोस्ताना मुकाबला'



महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फड़नवीस ने निकाय चुनाव को लेकर बड़ा बयान दिया है। देवेंद्र फड़नवीस ने कहा कि महायुति के सहयोगी दलों के बीच गठबंधन होगा, लेकिन अधिकतर शहरों में समझौता भाजपा और एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना के बीच होगा। महाराष्ट्र सीएम देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि बीजेपी और शिवसेना नगर निगम चुनावों में अधिकतर स्थानों पर एक साथ चुनाव लड़ेंगे और एनसीपी सहित 'महायुति' के सहयोगी दलों के साथ अधिकतर स्थानों पर सीट बंटवारे को अंतिम रूप देने की कोशिश की जा रही है। उन्होंने आगे कहा कि पुणे और पिंपरी-चिंचवड नगर निगमों में भारतीय जनता पार्टी (BJP) और अजित पवार के नेतृत्व वाली राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (NCP) के बीच दोस्ताना मुकाबला होगा। इस दौरान महाराष्ट्र सीएम ने कारण भी बताया।

## ब्रीफ न्यूज़

### सड़क किनारे के अवैध ढाबे हादसों की वजह: सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को कहा कि एक्सप्रेसवे और नेशनल हाईवे के किनारे बने अवैध ढाबे और छोटे होटल सड़क हादसों की बड़ी वजह बन रहे हैं। कोर्ट ने सॉलिसिटर जनरल से पूछा कि ढाबे बनने के लिए कौन जिम्मेदार है।



कोर्ट ने राजस्थान के फलोदी में 2 नवंबर को हुए सड़क हादसे का जिक्र किया जिसमें 15 लोगों की मौत हो गई थी। जस्टिस जेके महेश्वरी और जस्टिस विजय बिश्नोई की पीठ ने नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया (NHAI) की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता से पूछा कि ऐसे ढाबों पर कार्रवाई के लिए कौन-कौन से नियम हैं और अब तक क्या कदम उठाए गए हैं। सॉलिसिटर जनरल ने बताया कि अवैध ढाबे हटाने का नियम तो है।

### ईवीएम पर सवाल नहीं उठाऊंगी: सुप्रिया सुले

**नई दिल्ली।** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरदचंद्र पवार) की सांसद सुप्रिया सुले ने कहा है कि वह इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) पर सवाल नहीं उठाएंगी, क्योंकि इन्हीं मशीनों से वह चार बार सांसद चुनी गई हैं। राकांपा (शप), विपक्षी गठबंधन 'महाराष्ट्र विकास आघाडी' का हिस्सा है, जिसमें कांग्रेस और शिवसेना (उबाठा) भी शामिल हैं। महाराष्ट्र के बारामती से चार बार की लोकसभा सदस्य और राकांपा (शप) की कार्यकारी अध्यक्ष सुले ने लोकसभा में चुनाव सुधारों पर हो रही बहस के दौरान यह बात कही।



# हरा-भरा मुंबई-ठाणे



- महालक्ष्मी-कोस्टल रोड पर विकसित किया जाएगा 295 एकड़ का विश्वस्तरीय सेंट्रल पार्क
- ठाणे बनाए जाएगा 18.4 किमी हरित गलियारा, व्यूइंग टावर, स्नो पार्क और एम्यूजमेंट ज़ोन

डीबीडी संवाददाता । मुंबई/ठाणे

महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने मुंबई और ठाणे के लिए ऐतिहासिक शहरी विकास योजनाओं का ऐलान करते हुए ग्रीन मुंबई–ग्रीन ठाणे की दिशा में बड़ा कदम उठाया है। महालक्ष्मी रेसकोर्स और कोस्टल रोड की खाली जमीन को मिलाकर 295 एकड़ में भारत का सबसे बड़ा सेंट्रल पार्क विकसित किया जाएगा, वहीं ठाणे को टूरिज्म हब के रूप में विकसित करने के लिए 18.4 किमी हरित गलियारा, व्यूइंग टावर, स्नो पार्क और एम्यूजमेंट ज़ोन बनाए जाएंगे।

### भारत का सबसे बड़ा सेंट्रल पार्क

**295 एकड़ में 'ऑक्सीजन पार्क'**
**700–750 करोड़ की परियोजना**

उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के समक्ष सेंट्रल पार्क का मास्टर प्लान प्रस्तुत किया गया, जिसमें मुंबई महानगरपालिका आयुक्त भूषण गगराणी और प्रसिद्ध आर्किटेक्ट हाफिज कॉन्ट्रैक्टर उपस्थित रहे। महालक्ष्मी रेसकोर्स की 125 एकड़ भूमि और कोस्टल रोड की 170 एकड़ जमीन को मिलाकर 295 एकड़ में यह सेंट्रल पार्क विकसित होगा। परियोजना पर 700 से 750 करोड़ रुपये खर्च होने का अनुमान है। शिंदे ने स्पष्ट किया कि रेसकोर्स की ऐतिहासिक विरासत को किसी प्रकार की क्षति नहीं पहुंचाई जाएगी और पार्क क्षेत्र में फुटपाथ के अलावा कोई निर्माण नहीं होगा। सेंट्रल पार्क के नीचे 10 लाख वर्ग फुट का विश्वस्तरीय भूमिगत स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स बनाया जाएगा, जिसमें अंतरराष्ट्रीय खेलों के साथ-साथ कबड्डी और खो-खो जैसे पारंपरिक भारतीय खेलों की सुविधाएं होंगी। पार्क को 1200 मीटर लंबे भूमिगत मार्ग से सीधे कोस्टल रोड से जोड़ा जाएगा, जिसके लिए 550 करोड़ रुपये का टेंडर जारी किया गया है। मेट्रो लाइन–3 का 'नेहरू विज्ञान केंद्र' स्टेशन भूमिगत मार्ग से सीधे पार्क से जुड़ेगा।

### ठाणे में बनेगा अंतरराष्ट्रीय पर्यटन केंद्र

ठाणे खाड़ी के किनारे 50 एकड़ में 260 मीटर ऊंचा भारत का सबसे ऊंचा व्यूइंग टावर बनाया जाएगा। इसके अलावा कासारवडवली में कन्वेंशन सेंटर, कोलशेत में 25 एकड़ का टाउन पार्क, आगरी–कोली संग्रहालय, मत्स्यालय, विज्ञान केंद्र, अंतरराष्ट्रीय स्तर का स्नो पार्क, एम्यूजमेंट पार्क और एडवेंचर पार्क विकसित होंगे। ठाणे में 12.5 एकड़ का बर्ड पार्क, 25 एकड़ का म्यूजिकल कॉन्सर्ट सेंटर और 50 एकड़ का अत्याधुनिक स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स भी प्रस्तावित है। ठाणे महानगरपालिका मीरा–भायंदर सीमा से सटे संजय गांधी राष्ट्रीय उद्यान को जोड़ते हुए 18.4 किलोमीटर लंबा 'आनंदवन' हरित गलियारा विकसित करेगी। उपमुख्यमंत्री शिंदे ने विश्वास जताया कि इन परियोजनाओं से ठाणे के खिलाड़ियों को आधुनिक सुविधाएं मिलेंगी, नागरिकों का जीवन स्तर बेहतर होगा और शहर के विकास को नई गति मिलेगी। अधिकांश परियोजनाएं बीओटी मॉडल पर विकसित की जाएंगी और उनकी टेंडर प्रक्रिया शुरू हो चुकी है।

# मनरेगा स्कीम की जगह लेगा 'विकसित भारत-जी राम जी'


एजेंसी । नई दिल्ली

मोदी सरकार महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी कानून (MGNREGA) को खत्म कर नया ग्रामीण रोजगार कानून लाने जा रही है। इसे मौजूदा शीतकालीन सत्र में चर्चा के लिए सूचीबद्ध भी किया गया है। बिल की कॉपी सोमवार को लोकसभा सांसदों के बीच सर्कुलेट की गई है। इसका नाम 'विकसित भारत-गारंटी फॉर रोजगार एंड आजीविका मिशन (ग्रामीण) (VB-G RAM G) बिल, 2025' रखा गया है। नए बिल में कहा गया है कि इसका उद्देश्य 'विकसित भारत 2047' के राष्ट्रीय विजन के अनुरूप ग्रामीण विकास का नया ढांचा तैयार करना है। काम के दिनों की संख्या 100 से बढ़ाकर 125 दिन कर दी जाएगी।



### कांग्रेस ने फैसले का विरोध किया

इधर कांग्रेस ने सरकार के फैसले का विरोध किया है। कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी ने कहा कि महात्मा गांधी का नाम क्यों हटाया जा रहा। इससे पहले 12 दिसंबर को खबर आई थी कि केंद्रीय कैबिनेट ने मनरेगा का नाम बदलकर पूज्य बापू ग्रामीण रोजगार योजना रखा है। हालांकि, सरकार की ओर से जारी नोटिफिकेशन सामने नहीं आया था। बिल में लिखे हुए उद्देश्य के मुताबिक, पिछले 20 वर्षों में MGNREGA ने ग्रामीण परिवारों को रोजगार दिया, लेकिन गांवों में हुए सामाजिक-आर्थिक बदलावों को देखते हुए इसे और मजबूत करना जरूरी है। नए कानून के तहत हर ग्रामीण परिवार को, जो बिना कौशल वाला काम करने को तैयार हो, हर साल 125 दिन का वेतनयुक्त रोजगार मिलेगा।



# एमडी ड्रग्स फैक्ट्री का भंडाफोड़

## 100 करोड़ की नशीली सामग्री जब्त, 11 आरोपी गिरफ्तार

डीबीडी संवाददाता । भाईंदर

एमबीवीवी पुलिस की एंटी-नारकोटिक्स यूनिट (यूनिट-1 और 2) ने प्रतिबंधित मादक पदार्थों के तस्करों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए राजस्थान के झुंझुनूं जिले में एमडी ड्रग्स बनाने वाली एक फैक्ट्री का पर्दाफाश किया है। इस कार्रवाई में करीब 100 करोड़ रुपये मूल्य की एमडी ड्रग्स, उसे बनाने में इस्तेमाल होने वाले रसायन और अत्याधुनिक उपकरण जब्त किए गए हैं, जबकि अनिल सिहाग सहित कुल 11 आरोपियो को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस के अनुसार, गिरफ्तार आरोपियों में से दो के संबंध कुख्यात डी-गैंग से जुड़े पाए गए हैं।



### झुंझुनूं में फैक्ट्री सील, 10 किलो एमडी ड्रग्स बरामद

जांच के दौरान फरार आरोपी की तलाश में पुलिस टीम को राजस्थान भेजा गया। गुप्त सूचना के आधार पर 14 दिसंबर को आरोपी अनिल सिहाग को हिरासत में लिया गया, जिसकी निशानदेही पर झुंझुनूं में संचालित एमडी ड्रग्स फैक्ट्री का पता चला। स्थानीय पुलिस के सहयोग से की गई छापेमारी में करीब 10 किलोग्राम एमडी ड्रग्स, भारी मात्रा में रसायन और ड्रग्स निर्माण में प्रयुक्त उपकरण जैसे फ्लास्क, मिक्सर, ड्रायर मशीन, वजन कांटा, दस्ताने और फिल्टर जब्त किए गए। जब्त सामग्री की अनुमानित कीमत 100 करोड़ रुपये बताई गई है।

### 4 अक्टूबर की कार्रवाई से खुला बड़ा नेटवर्क

एमबीवीवी पुलिस आयुक्त निकेत कौशिक द्वारा शुरू किए गए नशा विरोधी अभियान के तहत 4 अक्टूबर को एंटी-नारकोटिक्स यूनिट-1 की टीम ने गश्त के दौरान 6 आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके पास से 501.6 ग्राम एमडी ड्रग्स (कीमत 1.32 करोड़ रुपये), 8 मोबाइल फोन और तस्करी में प्रयुक्त 4 मोटरसाइकिलें बरामद की थीं। इसके बाद पुलिस निरीक्षक समीर शेख के नेतृत्व में जांच आगे बढ़ी तो इस नेटवर्क से जुड़े अन्य चार आरोपियों को भी गिरफ्तार किया गया, जिनके पास से 2 चारपहिया वाहन, 1 मोटरसाइकिल और 6 मोबाइल फोन जब्त किए गए।

### डी-गैंग से जुड़े तार

पुलिस आयुक्त निकेत कौशिक ने बताया कि राज्य सरकार और महाराष्ट्र पुलिस राज्य को ड्रग्स मुक्त बनाने के लिए प्रतिबद्ध है और इसी क्रम में एमबीवीवी पुलिस लगातार तस्करों के खिलाफ अभियान चला रही है। इस मामले में गिरफ्तार आरोपी मोहम्मद अंसारी, मोहसिन शेख, जाहिर गोरे, सोहैल खान, शाहरुख, मोहम्मद तनवीर और अनिल सिहाग सहित सभी 11 आरोपी पेशेवर अपराधी हैं। इनमें से दो आरोपियों के डी-गैंग से संबंध सामने आए हैं। पुलिस ने स्पष्ट किया है कि मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ आगे भी कड़ी और निर्णायक कार्रवाई जारी रहेगी।

---

रंजीत गायकवाड़ हत्याकांड

# पुलिस ने आरोपी विक्की कोथनकर को किया गिरफ्तार

डीबीडी संवाददाता । उल्हासनगर



उल्हासनगर कैंप-4 के संभाजी चौक परिसर में हुए सनसनीखेज और अमानवीय हमले ने पूरे शहर को दहला दिया था। इस मामले में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए मुख्य आरोपी विक्की कोथनकर को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि उसका एक साथी अभी फरार है और उसकी तलाश तेज़ी से जारी है। विट्ठलवाड़ी बस डिपो परिसर से हुई इस गिरफ्तारी को अपराध के खिलाफ पुलिस के सख्त रुख के तौर पर देखा जा रहा है, जिससे पीड़ित परिवार और आक्रोशित नागरिकों को कुछ हद तक राहत मिली है।

### दस दिन बाद इलाज के दौरान मौत

जानकारी के अनुसार, करीब दस दिन पहले कैंप-4 के संभाजी चौक इलाके में वीर तानाजी नगर निवासी रंजीत गायकवाड़ अपनी पत्नी और बच्चों के साथ जा रहे थे, तभी आरोपी विक्की कोथनकर और उसके एक साथी ने उन्हें रोक लिया। मामूली बहस के बाद आरोपियों ने रंजीत के सिर पर लोहे की रॉड से जोरदार वार किया। सिर पर सीधे हमले से रंजीत खून से लथपथ होकर सड़क पर गिर पड़े। पत्नी और बच्चों के सामने हुई इस घटना से इलाके में हड़कंप मच गया। गंभीर हालत में पहले उन्हें निजी अस्पताल और फिर मुंबई के जे.जे. अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां दस दिन तक चले इलाज के बावजूद रविवार तड़के करीब चार बजे उनकी मौत हो गई।

### पुलिस की त्वरित कार्रवाई

घटना के बाद पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए जांच तेज की और क्राइम इन्वेस्टिगेशन टीम के रामदास मिसाल, दिलीप चव्हाण, गणेश राठौड़ और सागर मोरे की टीम ने पुलिस उपायुक्त सचिन गोरे, वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक अशोक कोली और पुलिस निरीक्षक चंद्रहार गोडसे के मार्गदर्शन में जाल बिछाकर आरोपी को गिरफ्तार किया। सोमवार शाम पुलिस उपायुक्त अमोल कोली ने बताया कि आरोपी विक्की कोथनकर के खिलाफ पहले से भी हत्या सहित कई गंभीर मामले दर्ज हैं। पुलिस उसके फरार साथी की तलाश के साथ-साथ हत्या के कारणों की गहन जांच कर रही है।

---

## न्यूज ब्रीफ

### महिला के साथ छेड़छाड़ और लूट का आरोपी गिरफ्तार

**कल्याण।** कल्याण में 26 वर्षीय महिला यात्री के साथ छेड़छाड़ और उसके पर्स से एक हजार रुपये लूटने के आरोप में 19 वर्षीय रैपिडो चालक सिद्धेश परदेशी को गिरफ्तार किया गया है। महात्मा फुले पुलिस स्टेशन के अधिकारियों ने बताया कि आरोपी ने 18 दिसंबर को शाम सात बजे पीड़िता को चिकनघर इलाके से पिक किया था। पुलिस के अनुसार, महिला ने जिम जाने के लिए रैपिडो बुक की थी, लेकिन आरोपी निर्धारित गंतव्य पर न जाकर बाइक को सुनसान जगह ले गया और महिला के साथ अभद्र व्यवहार किया। आरोपी ने महिला का पर्स छीन लिया और उसमें से 1,000 रुपये निकाल लिए। स्थानीय लोगों ने महिला की मदद की और आरोपी की पिटाई कर पुलिस को सौंप दिया। आरोपी के पास से चाकू भी बरामद हुआ है। सिद्धेश परदेशी को 18 दिसंबर तक पुलिस हिरासत में रखा गया है, और उसके पूर्व अपराधों की जांच जारी है।

### बॉम्बे हाईकोर्ट ने पुलिस की धीमी जांच पर जताई नाराजगी

**मुंबई।** बॉम्बे हाईकोर्ट ने पुलिस की शिकायतों की जांच में धीमी प्रक्रिया और कानून की अनदेखी पर कड़ी टिप्पणी की है। कोर्ट ने कहा कि पुलिस कानून की धाराओं की पूरी तरह अनदेखी कर रही है और शिकायतों की जांच में धीरे-धीरे काम कर रही है। इतना ही नहीं मामले में कोर्ट ने केंद्र सरकार से भी जवाब मांगा है। बता दें कि हाईकोर्ट ने यह टिप्पणी कुंदन पाटिल की याचिका पर की, जिसमें उन्होंने काशिमिरा पुलिस स्टेशन, मीरा रोड, मुंबई में अपनी शिकायत पर एफआईआर दर्ज करने का निर्देश मांगा था। पुलिस ने अदालत में बताया कि उनकी शिकायत की जांच अब भी जारी है। सुनवाई के दौरान पुलिस ने कोर्ट को यह भी बताया कि अगस्त में उनके खिलाफ भी एक शिकायत दर्ज थी, जिसकी जांच भी चल रही है। कोर्ट ने बताया कि भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) की धारा 173(3)(i) के अनुसार, पुलिस को प्रारंभिक जांच 14 दिनों के भीतर पूरी करनी होती है, ताकि यह तय किया जा सके कि आगे कार्रवाई की जरूरत है या नहीं। लेकिन पुलिस अक्सर महीनों तक 'प्रारंभिक जांच' के नाम पर समय लेती है। कोर्ट ने इसे कानून के प्रति 'पूरी तरह की अनदेखी' बताया। इसके साथ ही हाईकोर्ट ने इस बात पर भी जोर दिया कि या तो पुलिस को बीएनएसएस के बारे में जानकारी नहीं है, जो जुलाई 2024 में लागू हुई थी, या फिर वह जानबूझकर कानून का पालन नहीं कर रही। अदालत ने गृह विभाग से स्पष्टता मांगी कि क्या बीएनएसएस सभी थानों पर लागू है और अगर हां, तो इसका पालन क्यों नहीं किया गया। कोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई 19 दिसंबर के लिए रखी और अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल को केंद्र सरकार की ओर से पेश होने का निर्देश दिया।

---

# पुरानी रंजिश में युवक की हत्या

## 12 घंटे के भीतर आरोपियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

डीबीडी संवाददाता । डोंबिवली



रविवार को अयरे गांव में नरेंद्र उर्फ कालिया जाधव (37) की बेरहमी से हत्या कर दी गई। आरोपी आकाश बिराजदार (29), दिवाकर गुप्ता (18) और अलीफा शेख (18) ने हंसिया, चाकू और लोहे की रॉड से 40 से अधिक बार वार कर नरेंद्र की मौके पर ही हत्या कर दी। यह घटना पुराने झगड़े के चलते हुई थी। मृतक के दोस्त शुभम पांडे (27) को भी हमले में गंभीर चोटें आईं। रामनगर पुलिस ने हत्या की रिपोर्ट मिलने के तुरंत बाद जांच शुरू की और तकनीकी विश्लेषण एवं मोबाइल ट्रेसिंग के आधार पर महज बारह घंटे में तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी सोमवार को कल्याण जिला एवं सत्र न्यायालय में पेश किए गए, जहां न्यायालय ने उन्हें चार दिनों के लिए पुलिस हिरासत में भेज दिया।

### क्या था मामला ?

नरेंद्र कुछ दिन पहले आकाश से हुए झगड़े को लेकर सतर्क था। 13 दिसंबर की रात करीब 11:30 बजे वह अपने दोस्त शुभम के साथ कोपर ईस्ट रेलवे स्टेशन के पास आया, तभी आकाश और उसके साथी वहां पहुंचे। आकाश ने धमकी दी और अपने साथियों को धारदार हथियार लाने को कहा। इसके बाद तीनों ने मिलकर नरेंद्र पर बेरहमी से हमला किया। रामनगर पुलिस के वरिष्ठ निरीक्षक गणेश जावदवाड के मार्गदर्शन में विशेष तलाशी दल ने आरोपियों को दिवा पश्चिम क्षेत्र से गिरफ्तार किया।


---

# ठाणे में 19 दिसंबर तक 50 प्रतिशत पानी कटौती

## कल्याण फाटा पर 1000 मिमी पाइपलाइन क्षतिग्रस्त, मरम्मत में लगेंगे चार दिन

डीबीडी संवाददाता । ठाणे

कल्याण फाटा क्षेत्र में महानगर गैस के कार्य के दौरान पिसे बांध से ठाणे शहर को जलापूर्ति करने वाली 1000 मिमी व्यास की मुख्य पानी की पाइपलाइन चार से पांच स्थानों पर क्षतिग्रस्त हो गई है। यह पाइपलाइन टेमघर वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट तक पानी पहुंचाती है। 11 दिसंबर को हुए इस नुकसान के बाद पाइपलाइन की मरम्मत का कार्य युद्ध स्तर पर जारी है, लेकिन पाइपलाइन पुरानी और प्रीस्ट्रेस्ड कंक्रीट प्रकार की होने के कारण मरम्मत में समय लग रहा है और काम पूरा होने में लगभग चार दिन और लगने की संभावना है।



### शहर में 50% जल कटौती लागू

पाइपलाइन क्षतिग्रस्त होने से ठाणे शहर की जलापूर्ति पर बड़ा असर पड़ा है। स्थिति को देखते हुए ठाणे महानगरपालिका ने 19 दिसंबर तक शहर में 50 प्रतिशत पानी कटौती लागू करने का निर्णय लिया है। जल वितरण संतुलित बनाए रखने के लिए ज़ोनिंग पद्धति के तहत प्रत्येक इलाके में प्रतिदिन लगभग 12 घंटे पानी की आपूर्ति की जाएगी, जिससे नागरिकों को सीमित और अनियमित जलापूर्ति का सामना करना पड़ेगा।

### मनपा की नागरिकों से अपील

वॉटर सप्लाई डिपार्टमेंट द्वारा पाइपलाइन की मरम्मत का कार्य तेजी से किया जा रहा है, ताकि जल्द से जल्द सामान्य जलापूर्ति बहाल की जा सके। इस दौरान ठाणे महानगरपालिका ने नागरिकों से पानी का विवेकपूर्ण उपयोग करने, अनावश्यक पानी खर्च न करने और प्रशासन का सहयोग करने की अपील की है। मनपा ने भरोसा दिलाया है कि मरम्मत कार्य पूरा होते ही जलापूर्ति पूर्ववत कर दी जाएगी।

---

# दहेज उत्पीड़न का मामला दर्ज

## पीड़िता की शिकायत पर ससुराल पक्ष के कई लोग नामजद, जांच जारी

डीबीडी संवाददाता । नवी मुंबई

डोंबिवली की 30 वर्षीय एक महिला ने अपने पति और ससुराल पक्ष के खिलाफ दहेज की मांग, शारीरिक व मानसिक प्रताड़ना, गाली-गलौज, जान से मारने की धमकी और लाखों रुपये के सोने-चांदी के गहनों के गबन का गंभीर आरोप लगाते हुए तुर्भे पुलिस थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई है। शिकायत मिलते ही तुर्भे पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### गर्भावस्था के दौरान भी नहीं थमे अत्याचार

शिकायत में बताया गया है कि शादी के बाद सास-ससुर और अन्य रिश्तेदारों ने छोटी-छोटी बातों पर झगड़ा, चरित्र पर शक, मानसिक प्रताड़ना और मारपीट शुरू कर दी। पति भी मारपीट और अश्लील गालियां देने लगा। अक्टूबर 2023 में गर्भवती होने पर अत्याचार बढ़ने से परेशान होकर पीड़िता मायके चली गई। जब उसने अपने गहने वापस मांगे तो ससुराल पक्ष ने उनके चोरी होने का दावा किया, लेकिन आज तक कोई गहना वापस नहीं किया गया।

### शादी में 13 लाख खर्च और लाखों के गहने देने का आरोप



पीड़िता की शादी 2 मई 2023 को दीपक दिनेश गुप्ता से मुंब्रा स्थित फलक हॉल में हिंदू रीति-रिवाज से हुई थी। शिकायत के अनुसार, शादी के समय वर पक्ष ने दीपक के व्यवसाय से प्रतिमाह एक लाख रुपये से अधिक आय होने का दावा किया था। इसी भरोसे पीड़िता के परिवार ने करीब 13 लाख रुपये खर्च किए, 11.82 लाख रुपये के सोने-चांदी के गहने, मोटरसाइकिल के लिए 1 लाख रुपये और नकद राशि दी। बाद में पीड़िता को पता चला कि पति कोई व्यवसाय नहीं करता और घर पर ही रहता है।

### बेटी के जन्म पर 5 लाख की मांग, मारपीट का आरोप

2 अगस्त 2024 को वाशी के मनपा अस्पताल में पीड़िता ने बेटी को जन्म दिया। आरोप है कि बेटी होने पर ससुराल पक्ष ने नाराजगी जताई और बच्चे के खर्च के नाम पर 5 लाख रुपये की मांग की। जनवरी 2025 में ससुराल बुलाकर 2 लाख रुपये जबरन छीन लिए गए और 23 जनवरी 2025 को पति, सास, ससुर, देवर और ननद ने मिलकर मारपीट की। इस प्रकरण में मानपाड़ा पुलिस स्टेशन में CR No. 0539/2025 के तहत मामला दर्ज है। साथ ही पति द्वारा फोन और व्हाट्सएप के जरिए गाली-गलौज व धमकी देने को लेकर एनसी शिकायत भी दर्ज कराई गई है। पुलिस ने बताया कि मामले की विस्तृत जांच जारी है।

---

# तीनबत्ती मछली मार्केट बंद

### महिला विक्रेताओं की मुश्किलें बढ़ीं

डीबीडी संवाददाता । भिवंडी



शहर की तीनबत्ती स्थित मछली बाजार की इमारत जर्जर हालत के कारण पिछले छह महीनों से बंद पड़ी है। हालांकि मरम्मत कार्य दो महीने पहले ही पूरा हो चुका है, लेकिन अब तक बाजार शुरू नहीं होने से तालुका के विभिन्न गांवों से मछली बेचने आने वाली महिलाओं को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बाजार बंद होने के कारण महिलाओं को अपनी बची हुई मछलियां बाहर रखना पड़ती हैं, जिससे चोरी की घटनाएं बढ़ रही हैं और उन्हें आर्थिक नुकसान झेलना पड़ रहा है।

### नगर पालिका से गुहार, समाधान की मांग

अपनी समस्याओं को लेकर परेशान महिला मछली विक्रेता सोमवार को नगर पालिका मुख्यालय पहुंचीं, लेकिन उन्हें कोई ठोस आश्वासन दिए बिना लौटा दिया गया। मछली विक्रेता रेवंती भगत ने मांग की है कि इस समस्या का तत्काल समाधान किया जाए और महिला मछली विक्रेताओं को मछली मार्केट में बैठकर व्यापार करने की अनुमति दी जाए, ताकि उन्हें सम्मानजनक और सुरक्षित तरीके से रोज़गार मिल सके।

### बुनियादी सुविधाओं का अभाव, रोजमर्रा की जद्दोजहद

तीनबत्ती मछली मार्केट में व्यापार करने वाली करीब 50 महिलाएं कलहेर, काशेली, खरबाव, दुंगे, वड़घर और करिवाली गांवों से रोजाना आती हैं। बाजार परिसर में बैठने की व्यवस्था न होने के कारण उन्हें बाहर ही कारोबार करना पड़ता है। पीने के पानी के लिए इन्हें अपनी मार्केट रसीद फाड़कर पानी खरीदना पड़ता है, जबकि शौचालय की सुविधा के लिए दूर स्थित सार्वजनिक शौचालय का सहारा लेना पड़ता है, जिससे उन्हें अतिरिक्त परेशानी उठानी पड़ रही है।

---

# 52वां कबड्डी महोत्सव उत्साह के साथ शुरू

डीबीडी संवाददाता । मुंबई

बलिराम क्रीड़ा मंडल की ओर से हर वर्ष की तरह 2025 में भी 52वां कबड्डी महोत्सव आयोजित किया गया। महोत्सव का शुभारंभ 13 दिसंबर 2025 को हुआ, जिसमें शिवसेना सचिव सुधीर भाऊ सालवी मुख्य उद्घाटक के रूप में उपस्थित रहे। इस अवसर पर महाराष्ट्र राज्य कबड्डी एसोसिएशन की तकनीकी समिति के प्रमुख मीनानाथ धानजी, द्रोणाचार्य पुरस्कार विजेता भार्गव कदम और उबाठा शिवसेना शाखा प्रमुख किरण तावडे की गरिमामयी उपस्थिति ने आयोजन की शोभा बढ़ाई और खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया।

### स्थानीय खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने का मंच



बलिराम क्रीड़ा मंडल के मानद सचिव सुनील पाडेकर ने बताया कि इस महोत्सव का मुख्य उद्देश्य स्थानीय खिलाड़ियों को एक सशक्त मंच प्रदान करना और पारंपरिक खेल कबड्डी को बढ़ावा देना है। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन युवाओं को खेलों से जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं और खेल संस्कृति को मजबूत करते हैं।

### रोमांचक मुकाबले और खेलमय वातावरण

उद्घाटन दिवस पर खेले गए मुकाबलों को खेलप्रेमियों का उत्साहपूर्ण समर्थन मिला। भारी दर्शक संख्या और जोशीले उत्साह से पूरा परिसर खेलमय वातावरण में गूंज उठा। आयोजकों ने आगामी दिनों में भी रोमांचक और कांटे के मुकाबले देखने को मिलेंगे, और अधिक से अधिक लोगों से उपस्थित होकर खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाने की अपील की।

---

# महापारेषण के जनसंपर्क विभाग को तीन राष्ट्रस्तरीय पुरस्कार

## पीआरएसआई ने सर्वश्रेष्ठ सोशल मीडिया, फिल्म और विशेष पुरस्कार से नवाजा

डीबीडी संवाददाता । देहरादून

पब्लिक रिलेशन्स सोसाइटी ऑफ़ इंडिया (पीआरएसआई) ने महाराष्ट्र राज्य विद्युत ट्रांसमिशन कंपनी (महापारेषण) के जनसंपर्क विभाग को तीन राष्ट्रस्तरीय पुरस्कार प्रदान किए। यह पुरस्कार उत्तराखंड की विधानसभा अध्यक्ष रितु खंडूरी भूषण और पूर्व मुख्यमंत्री एवं केंद्रीय मंत्री डा. रमेश पोखरियाल निशंक के हाथों सम्मानित किए गए। पुरस्कारों में सर्वश्रेष्ठ सोशल मीडिया और पीआर, सर्वश्रेष्ठ फिल्म (अंग्रेजी) और भारतरत्न श्री अटल बिहारी वाजपेई राष्ट्रीय जागृति अभियान के तहत विशेष पुरस्कार शामिल हैं।



### देहरादून में आयोजित कार्यक्रम

यह सम्मान समारोह देहरादून के होटल एमेरल्ड में 47वें भारतीय जनसंपर्क परिषद कार्यक्रम के तहत आयोजित किया गया। इस अवसर पर पीआरएसआई के राष्ट्रीय अध्यक्ष डा. अजीत पाठक, सचिव डा. पी एल के मूर्ति, गेल इंडिया लिमिटेड के अध्यक्ष एवं सीईओ संदीप गुप्ता, पद्मश्री डा. बी वी के संजय सहित अन्य गणमान्य उपस्थित थे। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस, ऊर्जा मंत्री और अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी महापारेषण की इस उपलब्धि पर विभाग को बधाई और शुभकामनाएं दी।

### जनसंपर्क विभाग की सराहना

महापारेषण के जनसंपर्क अधिकारी डा. मिलिंद आवताडे ने पुरस्कार स्वीकार किए। इस उपलब्धि पर महापारेषण के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक डा. संजीव कुमार ने विभाग की टीम की प्रशंसा करते हुए अभिनंदन किया। उन्होंने कहा कि विभाग ने महाराष्ट्र में 14 राष्ट्रीय पुरस्कार और एक अंतरराष्ट्रीय पुरस्कार हासिल कर प्रथम स्थान प्राप्त किया है। इसके पीछे विभाग की सामूहिक मेहनत, रचनात्मकता और प्रसार माध्यमों में निरंतर नवीनता का योगदान रहा है।

पुणे जमीन सौदा मामला

# दिग्विजय पाटिल पर कसा शिकंजा

## पुलिस कर रही पूछताछ

डीबीडी संवाददाता | मुंबई/पुणे

महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजीत पवार के बेटे पार्थ पवार से जुड़ी कंपनी में पार्टनर दिग्विजय पाटिल, सोमवार को पुणे में एक विवादित जमीन डील मामले में पूछताछ के लिए पुलिस के सामने पेश हुए। यह मामला पुणे के प्रमुख मुंडवा इलाके में 40 एकड़ सरकारी जमीन को 300 करोड़ में 'अमीडिया एंटरप्राइजेज LLP' को बेचने से संबंधित है। इस फर्म में पाटिल और पार्थ पवार पार्टनर हैं। यह सौदा जांच के दायरे में तब आया जब यह सामने आया कि जमीन सरकार की है। साथ ही फर्म को 21 करोड़ की स्टाम्प ड्यूटी देने से छूट दी गई थी।



### एफआईआर में नहीं था पार्थ पवार का नाम

विवाद के बाद, पुणे जिले के पिंपरी चिंचवड की बावधन पुलिस ने दिग्विजय पाटिल, शीतल तेजवानी (जिनके पास पावर ऑफ अटॉर्नी थी), और सब-रजिस्ट्रार रविंद्र तारू के खिलाफ मामला दर्ज किया। मामले में हुए FIR में पार्थ पवार का नाम नहीं था, क्योंकि अधिकारियों ने पहले बताया था कि पार्थ पवार, जो अमाडिया एंटरप्राइजेज LLP में एक बड़े पार्टनर हैं, उन्हें इस मामले में आरोपी नहीं बनाया गया क्योंकि उन्होंने सेल डीड पर साइन नहीं किए थे। जमीन सौदे के संबंध में पाटिल, तेजवानी और तहसीलदार सूर्यकांत येओला के खिलाफ पुणे शहर पुलिस ने एक और मामला दर्ज किया था, और उनकी आर्थिक अपराध शाखा (EOW) इसकी जांच कर रही है। बावधन पुलिस ने इस मामले में पाटिल को पूछताछ के लिए बुलाया था।

### जानबूझकर करवाया सरकारी जमीन का सौदा

बावधन पुलिस ने पिछले हफ्ते तारू को गिरफ्तार किया था, जिसने कथित तौर पर यह जानते हुए भी सौदा करवाया कि उक्त जमीन बेची नहीं जा सकती क्योंकि यह सरकार की थी। फिलहाल तेजवानी, तारू, और अन्य आरोपियों से मुंडवा में 40 एकड़ सरकारी जमीन की अवैध बिक्री का सौदा करने के आरोप में पूछताछ की जा रही है।

### दर्ज किया जा रहा पाटिल का बयान

मामले को लेकर बावधन पुलिस स्टेशन के एक अधिकारी ने इसकी पुष्टि करते हुए कहा 'पाटिल आज पुलिस स्टेशन आए और उनसे फिलहाल जमीन डील मामले में पूछताछ की जा रही है।' पिंपरी चिंचवड के पुलिस उपायुक्त (जोन 2) विशाल गायकवाड़ ने पत्रकारों को बताया, 'सुबह से पाटिल का बयान दर्ज किया जा रहा है।' तेजवानी को पुणे पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा ने तीन दिसंबर को गिरफ्तार किया था। तेजवानी सब-रजिस्ट्रार तारू और अन्य आरोपियों से मुंडवा में 40 एकड़ सरकारी जमीन की बिक्री का सौदा करने के आरोप में पूछताछ की जा रही है।

## हत्यारोपी पूर्व आरपीएफ कांस्टेबल की मानसिक जांच कराने का आदेश

**मुंबई।** चलती ट्रेन में फायरिंग कर चार लोगों की हत्या के आरोपी पूर्व आरपीएफ कांस्टेबल चेतन सिंह चौधरी की मानसिक स्थिति की मेडिकल जांच कराने का आदेश कोर्ट ने दिया है। डिंडोशी सत्र अदालत ने सोमवार को ठाणे जेल प्रशासन को निर्देश दिया कि आरोपी की जेल मेडिकल अधिकारी से जांच कराकर 19 दिसंबर तक रिपोर्ट पेश की जाए। आरोपी ने मानसिक बीमारी का हवाला देते हुए जमानत की मांग की है। चेतन सिंह पर 31 जुलाई 2023 को जयपुर-मुंबई सेंट्रल सुपरफास्ट एक्सप्रेस में अपने वरिष्ठ अधिकारी एएसआई टीकाराम मीणा और तीन यात्रियों की गोली मारकर हत्या करने का आरोप है।


### झोपडपट्टी पुनर्वसन प्राधिकरण, बृहन्मुंबई

SRA/ARES/OW/२०२५/५१६९०
सहकार कक्ष, झो.पु.प्रा. दिनांकः 15/12/2025

**- :ऑनलाइन लॉटरी पद्धति द्वारा आवास आवंटन की सूचना : -**

मार्शल एस.आर.ए. सहकारी गृहनिर्माण संस्था मर्यादित, नया भू-खंड क्र. 200 (भाग), 200 (1 से 47), ग्राम भांडुप, भांडुप (प.), मुंबई-400078, इस पंजीकृत संस्था की पुनर्वसन इमारत में स्थित आवासीय सदनिकाओं (फ्लैटों) का लॉटरी पद्धति से वितरण करने हेतु, प्राधिकरण के परिपत्र क्रमांक 162 के अनुसार, माननीय सहायक निबंधक, सहकारी संस्थाएं (पूर्व एवं पश्चिम उपनगर), झोपुप्रा, बृहन्मुंबई द्वारा दिनांक 10/12/2025 के पत्र के माध्यम से मुझे प्राधिकृत अधिकारी के रूप में नियुक्त किया गया है।
उक्त पुनर्वसन इमारत की आवासीय सदनिकाओं का वितरण ऑनलाइन लॉटरी पद्धति से **दिनांक 22/12/2025, दोपहर 12.00 बजे, स्थानः प्राधिकरण कार्यालय में Zoom App के माध्यम से आयोजित किया गया है।**

**- :सभा का विषय : -**

झोपड़पट्टी पुनर्वसन प्राधिकरण के परिपत्र क्रमांक 162 दिनांक 23/10/2015 के अनुसार तथा ऑनलाइन Zoom App के माध्यम से लॉटरी पद्धति द्वारा पुनर्वसन योजना की इमारत में स्थित कुल 61 आवासीय सदनिकाओं का आवंटन करना।

Zoom App लिंकः https://us04web.zoom.us/j/81681993191
Meeting ID: 81681993191
Passcode: 123456
स्थानः मुंबई
दिनांकः १५/१२/२०२५

सही/-
(आर.एन. हळदे)
प्राधिकृत अधिकारी तथा
सहकारी अधिकारी श्रेणी १, झोपुप्रा, बृहन्मुंबई

टिप्पणीः 1. लॉटरी के लिए पात्र (पति/पत्नी) झोपड़ीधारकों को ही निर्धारित दिनांक एवं समय पर ऑनलाइन लॉटरी में भाग लेना होगा।
2. लॉटरी के समय जिन झोपड़ीधारकों के नाम परिशिष्ट-2 में पात्र के रूप में शामिल हैं, ऐसे अंध, दिव्यांग तथा विधवा महिला परिवार प्रमुखों को यदि पुनर्वसन इमारत में निचली मंज़िल पर सदनिका चाहिए, तो वे दिनांक 16/12/2025 तक लिखित आवेदन प्रस्तुत करें। परिपत्र की शर्तों के अनुसार सदनिका का आवंटन किया जाएगा। साथ ही, विधवा झोपड़ीधारकों को आवेदन के साथ पति का मृत्यु प्रमाण-पत्र संलग्न करना अनिवार्य होगा।


## गोवा नाइट क्लब हादसे पर बॉम्बे हाईकोर्ट सख्त



### किसी न किसी को जवाबदेह ठहराना होगा

**मुंबई।** गोवा के चर्चित 'बिर्च बाय रोमियो लेन' नाइटक्लब हादसे को लेकर बॉम्बे हाईकोर्ट ने सख्त रुख अपनाया है। हाईकोर्ट ने इस मामले में दायर सिविल याचिका को जनहित याचिका (पीआईएल) में बदलते हुए साफ कहा कि 'इस त्रासदी के लिए किसी न किसी को जवाबदेह ठहराना होगा।' इस हादसे में 25 लोगों की जान चली गई थी, जिससे पूरे राज्य में आक्रोश फैल गया था। जस्टिस सारंग कोतवाल और आशीष चव्हाण की खंडपीठ ने कहा कि स्थानीय पंचायत ने अपने स्तर पर (सुओ मोटो) कोई कार्रवाई नहीं की, जबकि क्लब के खिलाफ पहले से कई शिकायतें मौजूद थीं। कोर्ट ने इसे प्रशासन की बड़ी लापरवाही बताया।

### ढहाने का आदेश, फिर भी संचालन

कोर्ट ने यह भी गंभीर सवाल उठाया कि जिस इमारत को तोड़ने का आदेश दिया जा चुका था, वहां अब भी व्यावसायिक गतिविधियां कैसे चल रही थीं? इस मामले में याचिकाकर्ताओं के वकील रोहित ब्रास डी सा को अमीकस क्यूरी (न्याय मित्र) नियुक्त किया गया है और उनसे पूरे मामले पर विस्तृत हलफनामा दाखिल करने को कहा गया है। यह मूल याचिका 6 दिसंबर की घटना के बाद प्रदीप घड़ी अमोणकर और सुनील दिवकर ने दायर की थी, जो उस जमीन के मालिक हैं जिस पर नाइटक्लब चल रहा था।

## उद्धव ठाकरे को लगा जोर का झटका

### तेजस्वी घोसालकर ने बीजेपी का दामन थामा



**मुंबई।** मुंबई महानगरपालिका चुनावों के ऐलान से ठीक पहले बीजेपी ने शिवसेना ठाकरे गुट को बड़ा झटका दिया है। पूर्व विधायक विनोद घोसालकर की बहू तेजस्वी घोसालकर ने बीजेपी का दामन थामा। तेजस्वी घोसालकर, दिवंगत शिवसेना (UBT) पार्षद अभिषेक घोसालकर की पत्नी हैं, जिन्हें फरवरी 2022 में फेसबुक लाइव के दौरान मौरिस नोरोन्हा ने गोली मारकर हत्या कर दी थी। तेजस्वी घोसालकर उत्तर मुंबई बीजेपी कार्यालय में अमीत साटम की मौजूदगी में शामिल हुईं। इस मौके पर साटम ने कहा कि "मराठी लोग जाग चुके हैं और भाजपा में शामिल हो रहे हैं। मुंबई के विकास, सुरक्षा और महानगरपालिका पर भगवा ध्वज फहराने की इच्छाशक्ति तेजस्वी के बीजेपी में शामिल होने से उजागर हुई है।"


### पश्चिम रेलवे
#### सबवे एवं ड्रेनेज सुधार कार्य

मंडलीय रेल प्रबंधक (WA), पश्चिम रेलवे, मुंबई सेंट्रल, मुंबई-400008 निम्नलिखित कार्य हेतु **निविदा सूचना संख्याः BCT/25-26/281 दिनांकः 11.12.2025 आमंत्रित करते हैं। कार्य एवं स्थानः उकाई-सोनगढ़-जलगांव खंडः कि.मी. 114/14-15 पर लेवल क्रॉसिंग संख्या 74 पर प्रस्तावित ट्विन बॉक्स सबवे का निर्माण तथा ADEN-नंदुरबार के अधिकार क्षेत्र में सबवे के ड्रेनेज में सुधार कार्य (टू-पैकेट सिस्टम)। कार्य की अनुमानित लागतः** 21,87,01,783.70 ईएमडीः 12,43,500/- **निविदा जमा करने की अंतिम तिथि एवं समयः** 09.01.2026 को 15.00 बजे तक **निविदा खोलने की तिथि एवं समयः** 09.01.2026 को 15.30 बजे अधिक जानकारी हेतु कृपया हमारी वेबसाइट **www.ireps.gov.in** देखें। **0892**

हमें लाइक करें: X.com/WesternRly



### पश्चिम रेलवे
#### पेंटिंग कार्य

वरिष्ठ मंडल संकेत एवं दूरसंचार अभियंता/एस/एमएमसीटी **निविदा सूचना संख्याः SG/623/1800/WA दिनांक 12/12/2025 आमंत्रित करते हैं। कार्य का नामः** मुंबई मंडल, पश्चिम रेलवे के चर्चगेट-विरार खंड में सिग्नल गियर्स की पेंटिंग, सिग्नल नंबर प्लेट एवं विभिन्न मार्करों का निर्माण, फेरूल्स की व्यवस्था, लोकेशन विवरण तथा अन्य संबंधित कार्य। **कार्य की अनुमानित लागतः** 62,26,309.65 **अर्नेस्ट मनी डिपॉजिट (EMD):** 1,24,500/- **निविदा जमा करने की अंतिम तिथि एवं समयः** 05.01.2026 को 15.00 बजे तक **निविदा खोलने की तिथि एवं समयः** 05.01.2026 को 15.30 बजे अधिक जानकारी के लिए कृपया हमारी वेबसाइट **www.ireps.gov.in** देखें। **0896**

हमें लाइक करें: X.com/WesternRly



### पश्चिम रेलवे
#### वार्षिक अनुरक्षण अनुबंध

उप मुख्य विद्युत इंजीनियर (वर्क्स), पश्चिम रेलवे, कैरिज रिपेयर वर्कशॉप, एन. एम. जोशी मार्ग, लोअर परेल, मुंबई - 400 013 निम्नलिखित कार्य के लिए ई- **निविदा सूचना संख्याः EL/WA/PL/2025-26/25R आमंत्रित करते हैं: कार्य का नामः** लोअर परेल कैरिज वर्कशॉप की मशीनों में स्थापित विभिन्न कंपनियों के VVVF एवं VFD ड्राइव्स के लिए कार्य-क्षेत्र के अनुसार तीन (03) वर्षों हेतु समग्र वार्षिक अनुरक्षण अनुबंध। **कार्य की अनुमानित लागतः** 19,52,593.20 अर्नेस्ट मनी डिपॉजिट (EMD): 39,100/- **निविदा जमा करने की अंतिम तिथि एवं समयः** 08.01.2026 को 12.00 बजे तक **निविदा खोलने की तिथि एवं समयः** 08.01.2026 को 12.30 बजे अधिक जानकारी के लिए कृपया हमारी वेबसाइट **www.ireps.gov.in** देखें। **0893**

हमें लाइक करें: X.com/WesternRly



### पश्चिम रेलवे
#### स्टोर्स विभाग

**जनवरी 2026 के दौरान पी-वे एवं अन्य विभिन्न स्क्रैप की ई-नीलामी बिक्री**

**विशेष सूचनाः**
**सभी स्टील खरीदारों एवं री-रोलर्स के लिए**

पी-वे स्क्रैप, रेल स्क्रैप एवं अन्य विभिन्न स्क्रैप सामग्री के निपटान हेतु सार्वजनिक ई-नीलामी जनवरी 2026 में नीचे दिए गए कार्यक्रम के अनुसार आयोजित की जाएगी।

| पहला राउंड | दूसरा राउंड | डिपो /मंडल | कार्यालय प्रभारी | संपर्क नंबर |
|---|---|---|---|---|
| 05/01/2026 | 15/01/2026 | रतलाम | वरिष्ठ मंडल सामग्री प्रबंधक - रतलाम | 07412230080 09752492750 |
| 06/01/2026 | 16/01/2026 | वडोदरा | वरिष्ठ मंडल सामग्री प्रबंधक - वडोदरा | 02652641592 09724091750 |
| 07/01/2026 | 19/01/2026 | प्रतापनगर | वरिष्ठ मंडल सामग्री प्रबंधक - वडोदरा | 02652641592 09724091750 |
| 07/01/2026 | 21/01/2026 | साबरमती | वरिष्ठ मंडल सामग्री प्रबंधक - साबरमती | 02812476943 09724094770 |
| 08/01/2026 | 20/01/2026 | दाहोद | उप मुख्य सामग्री प्रबंधक - दाहोद | 02673241295 09724090455 |
| 09/01/2026 | 22/01/2026 | मुंबई सेंट्रल | वरिष्ठ मंडल सामग्री प्रबंधक - मुंबई सेंट्रल | 022-23094142 09004499006 |
| 12/01/2026 | 23/01/2026 | अहमदाबाद | वरिष्ठ मंडल सामग्री प्रबंधक - अहमदाबाद | 07922205888 09724093750 |
| 13/01/2026 | 27/01/2026 | राजकोट | वरिष्ठ मंडल सामग्री प्रबंधक - राजकोट | 02812476943 09724094770 |
| 13/01/2026 | 28/01/2026 | भावनगर | वरिष्ठ मंडल सामग्री प्रबंधक - भावनगर | 02782444360 09724097750 |
| 15/01/2026 | 29/01/2026 | महालक्ष्मी | उप मुख्य सामग्री प्रबंधक - महालक्ष्मी | 022-24929571 09004495750 |
| 15/01/2026 | 29/01/2026 | पारडी | उप मुख्य सामग्री प्रबंधक - महालक्ष्मी | 022-24929571 09004495750 |

विस्तृत जानकारी के लिए संबंधित डिपो/मंडलीय अधिकारियों से संपर्क करें। नोटः 1. रेलवे को ई-नीलामी से किसी भी लॉट को वापस लेने का अधिकार सुरक्षित है। 2. ई-नीलामी निर्धारित समय के अनुसार प्रारंभ की जाएगी। 3. ई-नीलामी कैटलॉग वेबसाइट www.ireps.gov.in के ई-नीलामी पोर्टल पर उपलब्ध रहेंगे। 4. ई-नीलामी, डिजिटल सिग्नेचर, पंजीकरण प्रक्रिया एवं भागीदारी से संबंधित किसी भी प्रकार की सहायता हेतु उपर्युक्त संबंधित डिपो/मंडलीय अधिकारी से संपर्क करें। 5. सभी भुगतान लेन-देन केवल ऑनलाइन पेमेंट गेटवे के माध्यम से ही किए जाएंगे। **(संख्याः S/SIII/Auction Programme-1/JAN-2026, दिनांकः 11.12.2025)** **0895**

हमें लाइक करें: : facebook.com/WesternRly | हमें फॉलो करें : X.com/WesternRly



### मुंबई झोपड़पट्टी सुधार मंडल
(महाराष्ट्र आवास एवं क्षेत्र विकास प्राधिकरण की एक क्षेत्रीय इकाई)

**दूरध्वनी क्र.: 022-66405250 ई-मेलः eee.east1@gmail.com**
पत्र क्र.: EE/East/MSIB/e-tender/Labour Soc/59/2025-26

कार्यकारी अभियंता (पूर्व) विभाग, मुंबई स्लम सुधार बोर्ड (MHADA की इकाई), कक्ष क्र. 536, चौथा मजला, गृह निर्माण भवन, बांद्रा (पूर्व), मुंबई - 400 051 दूरध्वनीः (022) 66405251 कार्यकारी अभियंता (पूर्व) द्वारा श्रम सहकारी संस्थाओं (DDR, ईस्ट सबर्ब, मुंबई में पंजीकृत) से B1 (प्रतिशत दर) स्वरूप में कुल 10 कार्यों के लिए ऑनलाइन ई-निविदा प्रणाली के माध्यम से ई-निविदाएँ आमंत्रित की जाती हैं। विस्तृत निविदा सूचना एवं निविदा दस्तावेज महाराष्ट्र शासन के पोर्टल **https://mahatenders.gov.in** पर उपलब्ध होंगे तथा वहीं से डाउनलोड किए जा सकते हैं। बोली दस्तावेज वेबसाइट पर अपलोड किए जा सकते हैं। निविदा दस्तावेज विक्रय की अवधिः प्रारंभ तिथि व समयः 16/12/2025, अपराह्न 03:05 बजे से समाप्ति तिथि व समयः 23/12/2025, सायं 06:15 बजे तक यदि कोई शुद्धिपत्र / संशोधन होगा तो वह केवल **https://mahatenders.gov.in** वेबसाइट पर ही प्रकाशित किया जाएगा। सक्षम प्राधिकारी को बिना कोई कारण बताए किसी भी अथवा सभी निविदाओं को अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित है। सशर्त (Conditional) निविदाएँ स्वीकार नहीं की जाएँगी।

Follow us: @mhadaofficial
सीपीआरओ/ए/1114

हस्ता/-
कार्यकारी अभियंता (पूर्व),
M.S.I.B. बोर्ड, मुंबई

म्हाडा-राष्ट्र में अग्रणी आवास प्राधिकरण



### भिवंडी निजामपुर शहर महानगरपालिका भिवंडी

**बांधकाम विभाग, प्रभाग समिती क्रं. १**
**ई-निवीदा सुचना क्रमांक १६४ सन २०२५/२६**
**जनरल निधी अंतर्गत (निवडणुक तात्काळ)**

भिवंडी निजामपुर शहर महानगरपालिकेच्या बांधकाम विभागामार्फत खालील नमुद कामाचे निविदा फॉर्म दि.१६/१२/२०२५ ते दि.:- २३/१२/२०२५ पर्यंत विक्रीस उपलब्ध आहे.

| अ.क्रं. | कामाचे नाव | अंदाजपत्रकीय रक्कम | निविदापत्राची किंमत (रु.) |
|---|---|---|---|
| १ | प्रभाग समिती क्रं.१ च्या कार्यक्षेत्रातील मतदान केंद्राची दुरुस्ती व रंगरंगोटी करणे. | १५,०७,८७८/- | २३६०/- |
| २ | प्रभाग समिती क्रं. १ च्या कार्यक्षेत्रातील फरहान हॉल मिल्लतनगर येथील मा. निवडणुक निर्णय अधिकारी कार्यालय व स्ट्रॉंग रुम तसेच निवडणुक कार्यालयाची दुरुस्ती करणे. | ९,९९,१५८/- | ११८०/- |
| | वरील ऑनलाईन निविदा दि.२३/१२/२०२५ पर्यंत दुपारी ४.०० पर्यंत स्विकारण्यात येतील. तसेच सदरची निविदा ही दि.२४/१२/२०२५ रोजी संध्या. ४.०१ अथवा कार्यालयीन कामकाजाच्या सोई प्रमाणे निविदा समिती समक्ष उघडण्यात येईल. अधिक माहिती महानगरपालिकेच्या mahatenders.gov.in या संकेतस्थळावरुन प्राप्त होऊ शकेल अथवा नविन शासकीय इमारतीमधील ५ व्या मजल्यावरील बांधकाम विभाग कार्यालयाशी संपर्क साधावा. | | |

जा.क्र./ज.सं.वि./१६३३
दि. १५/१२/२०२५

हस्ता./-
(जमील पटेल)
**शहर अभियंता**
भिवंडी नि. शहर महानगरपालिका भिवंडी


## उबाठा को मुंबईकरों को देना चाहिए हिसाब : आशीष शेलार



मुंबई। मुंबई महानगरपालिका में पिछले पांच कार्यकालों में खर्च किए गए सवा लाख करोड़ रुपये का हिसाब मुंबईकरों को स्पष्ट रूप से दिया जाना चाहिए—यह सवाल सांस्कृतिक कार्य एवं मुंबई उपनगर पालकमंत्री एडवोकेट आशीष शेलार ने उठाया। पालकमंत्री ने कहा कि यह स्पष्ट होना चाहिए कि जनता के पैसों का कितना वास्तविक उपयोग हुआ और कितना निजी जेबों में गया।


**GOVERNMENT OF MAHARASHTRA**
Executive Engineer, Central Mumbai Electrical Division,
E-Tender Notice No. 52/2025-26
P.W.D., "Sadhana House" 2nd floor, Pandurang Budhkar marg. Behind Mahindra Tower,
e-mail: elcentralmumbai.ee@mahapwd.gov.in, Tel. No. 022 4564 6883

Online Percentage rates tenders in "B-1" form are invited by the Executive Engineer, Central Mumbai Electrical Division, P.W.D., Worli, Mumbal for the following work from Electrical Licence Holder Contractor: B-1 e-Tender document can be downloaded from the e-Tendering portal of P.W.D., Government of Maharashtra http://mahatenders.gov.in, The Executive Engineer, CMED, Worli, Mumbai reserves right to accept or reject any tender. The conditional tender will not be accepted.

| S. N. | Name Of Work | Tender Amount | Tender Amount in words |
|---|---|---|---|
| 1 | W15015/2025-26 Providing Hiring Services of 3 Wireman & 3 Mazdoor for Maintaining Electrical Installations for Administrative, Residential and 1 other than Hospital Buildings under Podar Section, Worli Electrical Sub Division, Werli, Mumbai. (For 06 Months) | 853632 | Eight Lakh Fifty Three Thousand Six Hundred Thirty Two |
| 2 | H31167/25-26 Supplyng ilnstalling, testing & commissioningof G+3 upper floors with & Passenger Lift at Pratapgad Building, Byculla Jail Compound, Byculla. | 1834979 | Eighteen Lakh Thirty Four Thousand Nine Hundred Seventy Nine |
| 3 | 131168 of 2025-26 Providing renovation to Street Light & Flood Light in 3 Byculla Jail compund, | 1125891 | Eleven Lakh Twenty Five Thousand Eight Hundred Ninety One |
| 4 | H31166 of 2025-26 Supplying Installing, testing and commissioning of G+4 Upper Floors With 8 Passenger Lift at Sahyadri Buliding, Byculla Jail Compound, Byculla. | 1998436 | Nineteen Lakh Ninety Eight Thousand Four Hundred Thirty Six |
| 5 | D11127/2025-26 Providing replacement of burnt service cable, burnt passage, staircas and street light cables and fittings burnt meter cabins and switchgears of ground and first floor in Bdd bldg no 11 at Sewree Mumbai | 915315 | Eighteen Lakh Ninety Thousand Six Hundred Fifty One |
| 6 | D11074/2025-26 Providing repairs and replacement of El in Court rooms, staff rooms, Police rooms, Lift rooms, bathroom and passages of Ground, 1st, 2nd, 3rd floor and repairs to entire fire fighting system of Dadar Judicial Center at Sewree Mumbai | 2095134 | Twenty Lakh Ninety Five Thousand One Hundred Thirty Four |
| 7 | H25018/25-26 Providing Semi Comprehensive Maintenance contract for walk in type Cold Room Installed at Mortuary room, P.M Centre at, Sir J.J.Group of Hospitals Byculla, Mumbai. (3 Lift for 3 year) | 1136640 | Eleven Lakh Thirty Six Thousand Six Hundred Forty |
| 8 | Est. No. D11128/2025-26, Providing replacement of burnt service cables, burnt passage light cable and ftgs, separate meter cabins & switchgears at Second & Third Floor in BDD Bldg. no.11 at Sewri, Mumbai | 856013 | Eight Lakh Fifty Six Thousand Thirteen |
| 9 | Est. No. D21018/2025-26, Providing repairs and 3 year AMC to KONE 9 make 10 passenger capacity lift no. 1 & 2 G+5 floors single speed lift at IT1 Dadar, Mumbai. | 1661900 | Sixteen Lakh Sixty One Thousand Nine Hundred |
| 10 | Est. No. D21040/2025-26, Providing Electrification, CCTV, Sound System 10 & Illumination for newly proposed Turfat Kamgar Kalyan Mandal, Prabhadevi Mumbai. | 3672351 | Thirty Six Lakh Seventy Two Thousand Three Hundred Fifty One |
| 11 | Est. No. D21043/2025-26, Providing Supply, Installation, Testing & 11 Commissioning of HVAC System to Art Gallery Kamgar Kalyan Mandal, Prabhadevi Mumbai. | 2109967 | Twenty One Lakh Nine Thousand Nine Hundred Sixty Seven |
| 12 | H25027 of 2025-26 Providing Temporary Wiremen & Unskilled Labour for day to day maintenance of Electrical Byculla, Mumbai. (for 6 months). 12 installation in A,B,C,D,E & F Servant Quarters & Doctor Quarters Bhakti, shanti,trupti 8A & 8B at Sir J.J. Hospital compound, Byculla, Mumbai For(6 months) | 853632 | Eight Lakh Fifty Three Thousand Six Hundred Thirty Two |
| 13 | H11207 of 2024-25 Providing Repairs and Replacement of 100 TR Compressor in Air Cooled type Central AC Chiller Plant No. 2 for Main Hospital Building . Sir J. J. Group of Hospitals compound, Byculla, Mumbai | 871090 | Eight Lakh Seventy One Thousand Ninety |

1 Contoctor Should Quote Price Excluding G.S.T. G.S.T upto 18% will be paid Extra.
2 Download/Sale Period: Date: 16.12.2025 2025 to 23.12.2025 up to 05.30 pm
3 Bid Opening Date: 26.12.2025 after 11.00 Am.
EE/CMED/TC/4186/2025 Date: 10/12/2025

DGIPR-2025-26/4603

Sd/-
Executive Engineer Central Mumbai Electrical Division
P.W.D.Worli Mumbai



### मध्य रेल
#### निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति के लिए तथा उनकी ओर से उप मुख्य इंजीनियर/ पुल लाइन/ मुख्यालय, मध्य रेल, जी.एम बिल्डिंग, दूसरा माला, छशिमट मुंबई-400001,ई-प्रावण वैबसाइट http//www.ireps.gov.in" पर ई-बोली आमंत्रित करते है।

| क्र. सं | टेंडर नोटिस संख्या व दिनांक | कार्य का विवरण | कार्य की लगभग लागत रु. में | इएमडी (रूपये) | समापन अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | सी.आर.-बि. .आर262025-26 दिनांक 02.12.2025 | मुंबई डिवीजन के पीएनवीएल- रोहा सेक्शन पर विभिन्न पुलों की सैंड ब्लास्टिंग और मेटलाइजिंग, पेंटिंग द्वारा ट्रैक गर्डर ब्रिज के संरचनात्मक जीवन में सुधार। | Rs. 33,35,566.46 | Rs. 66,700.00 | 6 months |
| 2 | सी.आर.-बि .आर272025-26 दिनांक 02.12.2025 | मुंबई डिवीजन के वीडीएलआर एमएम कॉर्ड सेक्शन में पीएससी ब्रिज, एमएनकेडी-पीएनवीएल पर ब्र. संख्या 42/1 यूपी और डीएन और राओली जंक्शन फ्लाईओवर (ब्रिज संख्या 10/2) की एपॉक्सी आधारित पेंटिंग और मरम्मत। | Rs. 1,40,59,363.63 | Rs. 2,20,300.00 | 9 months |
| 3 | सी.आर.-बि .आर282025-26 दिनांक 02.12.2025 | सीएसएमटी- सीएलए (एचबी) लाइन पर वाडीबंदर वायाडक्ट ब्रिज के सैंड ब्लास्टिंग और मेटलाइजिंग द्वारा ट्रैक गर्डर ब्रिज के संरचनात्मक जीवन में सुधार। | Rs. 1,84,40,918.24 | Rs. 2,42,200.00 | 9 months |
| 4 | सी.आर.-बि .आरं292025-26 दिनांक 02.12.2025 | मुंबई डिवीजन के सीएसएमटी-सीएलए (एचबी) खंड पर सेंड ब्लास्टिंग और मेटलाइजिंग, पेंटिंग द्वारा ट्रैक गर्डर ब्रिज के संरचनात्मक जीवन में सुधार। | Rs. 60,55,795.75 | Rs. 1,21,100.00 | 6 months |
| 5 | सी.आर.-बि .आर302025-26 दिनांक 02.12.2025 | मुंबई डिवीजन के डीडब्ल्यू- बीएसआर, डीडब्ल्यू-पीएनवीएल और पीएनवीएल-केजेटी खंड पर विभिन्न पुलों की सैंड ब्लास्टिंग और मेटलाइजिंग, पेंटिंग द्वारा ट्रैक गर्डर ब्रिज के संरचनात्मक जीवन में सुधार। | Rs. 57,44,443.26 | Rs. 1,14,900.00 | 6 months |
| 6 | सी.आर.-बि .आर312025-26 दिनांक 02.12.2025 | पुणे डिवीजन के विभिन्न सेक्शन-एलएनएल पीए.पीए-एमआरजे, एमआरजे के ओपी और एलएनएन- फलटन पर सैंड ब्लास्टिंग, मेटलाइजिंग और पेंटिंग द्वारा ट्रैक गर्डर ब्रिज के संरचनात्मक जीवन में सुधार और चैनल स्लीपर के नीचे जंग लगे रिवेट्स को बदलना। | Rs. 2,63,93,044.69 | Rs. 2,82,000 | 12 months |
| | **निविदा बंद होने की तारीख तथा समयः 26.12.2025 at 15.00 Hrs.** | | | | |

1. उपरोक्त ई-निविदा सूचना की संपूर्ण जानकारी वेबसाइट "**http://www.ireps.gov.in**" पर उपलब्ध है। 2. ई बोली के प्रारूप के अलावा अन्य प्रारूप में भेजी गई बोलियां उपर्युक्त निविदा के अंतर्गत स्वीकार नहीं की जाएगी। 3. समय-समय पर जारी किए गए निविदा दस्तावेज और शुद्धिपत्र निविदा खोलने से कम से कम 14 दिन पहले वेबसाइट पर उपलब्ध होते हैं और इस वेबसाइट पर देखे जा सकते हैं। DE-740

असुरक्षित तथा अनाधिकृत रूप से रेल लाइन के पास कार्य करना दंडनीय अपराध है

संपादकीय

# प्रेम-विवाह पर राजी

बदलते सामाजिक परिदृश्य में जिस मुद्दे ने लंबे समय तक टकराव की स्थिति बनाए रखी, वही प्रेम-विवाह अब खाप पंचायतों के भीतर गंभीर आत्ममंथन का विषय बन गया है। दशकों तक कठोर रुख अपनाने वाली खापों में हालिया वर्षों में जो लचीलापन दिखा है, वह केवल परिस्थितिजन्य दबाव नहीं, बल्कि समाज के भीतर गहरे बदलाव का संकेत भी है। यह बदलाव संकेत देता है कि परंपरा अब संवाद से पीछे नहीं हट रही, बल्कि समय के साथ स्वयं को पुनर्परिभाषित करने की कोशिश कर रही है। पिछले महीने उत्तर प्रदेश के मुजफ्फरनगर जिले के गांव सोरम में आयोजित तीन दिवसीय सर्वखाप पंचायत इसी बदलाव की एक बड़ी मिसाल बनी। इस महापंचायत में हरियाणा, पंजाब, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, बिहार और राजस्थान सहित कई राज्यों की 36 खाप बिरादरियों के प्रतिनिधि शामिल हुए। करीब एक लाख से अधिक लोगों की मौजूदगी ने इस आयोजन को ऐतिहासिक बना दिया। खास बात यह रही कि इसमें लगभग आधे प्रतिभागी 20 से 35 वर्ष आयु वर्ग के युवा थे, जो स्वयं इस बदलाव के सबसे बड़े हितधारक हैं। युवाओं की इतनी बड़ी भागीदारी के पीछे एक स्पष्ट वजह थी—खापों की सख्ती के चलते बड़ी संख्या में शादियां अटकी हुई थीं। कई गांवों में कुंआरे युवाओं की संख्या लगातार बढ़ रही है, जिससे सामाजिक असंतुलन की स्थिति बन रही है। हरियाणा, पश्चिमी उत्तर प्रदेश और एनसीआर के कई इलाकों में यह समस्या गंभीर रूप ले चुकी है। ऐसे में खाप नेतृत्व के सामने यह प्रश्न खड़ा हुआ कि क्या परंपराओं की जकड़न समाज के भविष्य को नुकसान पहुंचा रही है? हालांकि पंचायत के एजेंडे में इज्जत के नाम पर होने वाली हत्याएं, दहेज प्रथा, भ्रूण-हत्या और मृत्यु-भोज जैसी सामाजिक कुरीतियां भी शामिल थीं, लेकिन प्रेम-विवाह का मुद्दा सबसे अधिक मुखर होकर सामने आया। लंबी बहस और विचार-विमर्श के बाद सर्वखाप पंचायत ने एक अहम निर्णय लिया—यदि माता-पिता की सहमति से प्रेम-विवाह होता है, तो उसमें खाप का कोई हस्तक्षेप नहीं होगा। यह फैसला अपने आप में एक बड़ा मोड़ माना जा रहा है। देश की सबसे बड़ी बालियान खाप के प्रधान नरेश टिकैत ने इस मौके पर कहा कि पंचायत में इतनी बड़ी संख्या में लोग इसलिए जुटे हैं क्योंकि मुद्दे राजनीतिक या किसान आंदोलन से जुड़े नहीं थे, बल्कि समाज के भीतर गहरे तक असर डालने वाले विषयों पर चर्चा हो रही थी। प्रेम-विवाह, अंतरजातीय विवाह, दहेज न लेना और मृत्यु-भोज जैसी प्रथाओं को खत्म करने पर जो सहमति बनी, वह यह दर्शाती है कि खापें भी अब जमीनी सच्चाइयों को समझने लगी हैं। आम राय यही बनी कि जिस विवाह को लेकर माता-पिता सहमत होंगे, उसमें समाज, रिश्तेदार या खाप कोई बाधा नहीं बनेगी। खापों के इस बदले रुख के पीछे एक और अहम कारण यह भी है कि प्रेम-विवाह से जुड़ी कई सामाजिक जटिलताएं स्वतः कम होती दिख रही हैं। जहां परंपरागत शादियों में हाल के वर्षों में अलगाव, तलाक और घरेलू टकराव के मामले बढ़े हैं, वहीं प्रेम-विवाह में आपसी समझ और सहमति की वजह से रिश्ते अपेक्षाकृत स्थिर दिखते हैं। यही कारण है कि कई खाप नेताओं ने खुले तौर पर यह स्वीकार किया कि प्रेम-विवाह समाज की कुछ पुरानी बुराइयों को कम करने में सहायक हो सकते हैं। पंचायत के दौरान यह सुझाव भी सामने आया कि जिन जातियों में सामाजिक व्यवहार, खान-पान और रीति-रिवाज समान हैं—जिन्हें आम भाषा में 'घड़ा और हुक्का-पानी एक होना' कहा जाता है—उनके बीच विवाह की परंपरा शुरू की जानी चाहिए। समान सामाजिक स्तर वाली जातियों में विवाह को लेकर भी चर्चा हुई, हालांकि इस पर सर्वसम्मति नहीं बन पाई। इसी तरह समान गोत्र की खेतिहर जातियों में विवाह के मुद्दे पर भी विचार हुआ, लेकिन यह विषय अभी भी संवेदनशील बना हुआ है। चर्चा के दौरान कई वक्ताओं ने ऐतिहासिक उदाहरणों का हवाला भी दिया। जाट समाज के बड़े नेता रहे चौधरी चरण सिंह का उदाहरण देते हुए बताया गया कि उन्होंने अपनी तीन बेटियों और बेटे की अंतरजातीय शादियां की थीं। यह उदाहरण इस बात को रेखांकित करता है कि सामाजिक बदलाव की पहल हमेशा किसी न किसी स्तर पर पहले भी होती रही है, बस उसे व्यापक स्वीकार्यता मिलने में समय लगता है।

# भारत की तीन देशों की रणनीतिक विदेश यात्रा



**कांतिलाल मांडोत**
वरिष्ठ पत्रकार,
साहित्यकार-स्तम्भकार




प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की चार दिन की विदेश यात्रा भारत की बदलती वैश्विक भूमिका और बहुआयामी कूटनीति को रेखांकित करती है। इस यात्रा के दौरान वे जॉर्डन, एथियोपिया और ओमान की यात्रा करेंगे। पश्चिम एशिया और अफ्रीका के इन देशों के साथ भारत के रिश्ते केवल औपचारिक कूटनीति तक सीमित नहीं हैं, बल्कि व्यापार, ऊर्जा, रक्षा, सांस्कृतिक सहयोग और क्षेत्रीय सुरक्षा जैसे अहम आयामों से जुड़े हुए हैं। यह यात्रा ऐसे समय हो रही है जब वैश्विक राजनीति अस्थिरता के दौर से गुजर रही है और भारत एक संतुलित तथा भरोसेमंद साझेदार के रूप में अपनी पहचान मजबूत कर रहा है। प्रधानमंत्री मोदी की इस यात्रा का उद्देश्य द्विपक्षीय साझेदारी को नई दिशा देना है। जॉर्डन के साथ राजनीतिक संवाद को मजबूत करना, एथियोपिया के साथ विकास और अफ्रीकी सहयोग को विस्तार देना, और ओमान के साथ ऐतिहासिक तथा रणनीतिक रिश्तों को नई ऊंचाई पर ले जाना इस दौरे के प्रमुख लक्ष्य हैं। 17 और 18 को प्रधानमंत्री ओमान सल्तनत का रुख करेंगे, जहां ऊर्जा, व्यापार और समुद्री सुरक्षा जैसे विषयों पर विशेष ध्यान रहेगा। जॉर्डन भारत के लिए पश्चिम एशिया में एक अहम और भरोसेमंद मित्र देश रहा है। प्रधानमंत्री मोदी जॉर्डन के राजा अब्दुल्ला द्वितीय बिन अल हुसैन से द्विपक्षीय वार्ता करेंगे। भारत और जॉर्डन के रिश्ते आपसी सम्मान और साझा हितों पर आधारित हैं। दोनों देश आतंकवाद के खिलाफ एक जैसी सोच रखते हैं और क्षेत्रीय शांति के पक्षधर हैं। राजनीतिक स्तर पर नियमित संवाद ने इन संबंधों को स्थायित्व दिया है। व्यापार के क्षेत्र में जॉर्डन के साथ भारत का रिश्ता धीरे-धीरे मजबूत हुआ है। भारत जॉर्डन से मुख्य रूप से फॉस्फेट और पोटाश जैसे खनिज आयात करता है, जो भारतीय कृषि और उर्वरक उद्योग के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। इसके अलावा जॉर्डन से कुछ मात्रा में रसायन और खनिज आधारित उत्पाद भी भारत आते हैं। वहीं भारत जॉर्डन को दवाइयां, कपड़ा, इंजीनियरिंग सामान, ऑटोमोबाइल पुर्जे और चावल जैसे कृषि उत्पाद निर्यात करता है। भारतीय दवा उद्योग की जॉर्डन में अच्छी पकड़ है और भारतीय कंपनियां वहां स्वास्थ्य क्षेत्र में सक्रिय भूमिका निभा रही हैं। रक्षा और सुरक्षा सहयोग के लिहाज से भी भारत और जॉर्डन के बीच विश्वास का वातावरण है। दोनों देशों के बीच सैन्य प्रशिक्षण और आतंकवाद विरोधी रणनीतियों पर संवाद होता रहा है। पश्चिम एशिया में स्थिरता के लिए जॉर्डन की भूमिका को भारत महत्वपूर्ण मानता है और फिलिस्तीन मुद्दे पर भी दोनों देशों के बीच संतुलित दृष्टिकोण देखने को मिलता है। एथियोपिया की यात्रा इस दौरे का एक विशेष पहलू है। प्रधानमंत्री मोदी एथियोपिया का दौरा करेंगे और यह उल्लेखनीय है कि वे इस देश की यात्रा करने वाले पहले भारतीय प्रधानमंत्री होंगे। अफ्रीका के हॉर्न क्षेत्र में स्थित एथियोपिया एक तेजी से उभरती अर्थव्यवस्था है और अफ्रीकी संघ का मुख्यालय भी यहीं स्थित है। ऐसे में भारत के लिए एथियोपिया के साथ संबंध केवल द्विपक्षीय नहीं बल्कि पूरे अफ्रीका के संदर्भ में रणनीतिक महत्व रखते हैं। भारत और एथियोपिया के रिश्ते ऐतिहासिक रूप से मैत्रीपूर्ण रहे हैं। दोनों देशों के बीच उपनिवेशवाद विरोधी संघर्ष की साझा भावना रही है। व्यापारिक दृष्टि से भारत एथियोपिया से मुख्य रूप से दालें, तिलहन और कुछ कृषि उत्पाद आयात करता है। इसके साथ ही चमड़ा और उससे जुड़े कच्चे माल का भी आयात होता है। एथियोपिया के कृषि संसाधन भारत की खाद्य सुरक्षा के लिए सहायक साबित होते हैं। भारत एथियोपिया को दवाइयां, मशीनरी, कपड़ा, स्टील उत्पाद और परिवहन से जुड़े उपकरण निर्यात करता है। भारतीय कंपनियां एथियोपिया में दवा निर्माण, कृषि प्रसंस्करण और अवसंरचना विकास में निवेश कर रही हैं। शिक्षा और क्षमता निर्माण के क्षेत्र में भी भारत की भूमिका महत्वपूर्ण है। भारतीय तकनीकी और आर्थिक सहयोग कार्यक्रम के तहत एथियोपिया के अनेक छात्र और अधिकारी भारत में प्रशिक्षण प्राप्त करते रहे हैं। रक्षा और क्षेत्रीय सुरक्षा के संदर्भ में एथियोपिया अफ्रीका में शांति अभियानों का एक प्रमुख स्तंभ है। संयुक्त राष्ट्र शांति मिशनों में एथियोपियाई सैनिकों की भागीदारी उल्लेखनीय रही है। भारत इस अनुभव को साझा करने और अफ्रीका में स्थिरता को बढ़ावा देने के लिए एथियोपिया के साथ सहयोग को आगे बढ़ाना चाहता है। प्रधानमंत्री की यह यात्रा अफ्रीका के साथ भारत के दीर्घकालिक दृष्टिकोण को और मजबूत करेगी। ओमान के साथ भारत के रिश्ते ऐतिहासिक और सभ्यतागत गहराई लिए हुए हैं। अरब सागर के रास्ते सदियों पुराने व्यापारिक संबंधों ने दोनों देशों को जोड़ा है। 17 और 18 को प्रधानमंत्री मोदी ओमान सल्तनत का रुख करेंगे, जहां ऊर्जा, व्यापार, समुद्री सुरक्षा और निवेश जैसे मुद्दों पर चर्चा होगी। ओमान भारत के लिए खाड़ी क्षेत्र में एक अत्यंत महत्वपूर्ण साझेदार है। व्यापार के क्षेत्र में ओमान भारत को कच्चा तेल और प्राकृतिक गैस का प्रमुख आपूर्तिकर्ता रहा है। ऊर्जा सुरक्षा के लिहाज से ओमान की भूमिका भारत के लिए अहम है। इसके अलावा ओमान से कुछ मात्रा में पेट्रोकेमिकल उत्पाद भी भारत आयात करता है। वहीं भारत ओमान को चावल, मसाले, दवाइयां, कपड़ा, इंजीनियरिंग सामान और उपभोक्ता वस्तुएं निर्यात करता है। ओमान में भारतीय प्रवासी समुदाय भी बड़ी संख्या में मौजूद है, जो दोनों देशों के बीच एक जीवंत सेतु का काम करता है। रक्षा सहयोग ओमान भारत संबंधों का एक मजबूत स्तंभ है। दोनों देशों के बीच समुद्री सुरक्षा और नौसेना सहयोग लंबे समय से चला आ रहा है। ओमान के बंदरगाहों का उपयोग भारतीय नौसेना के लिए रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण माना जाता है। हिंद महासागर क्षेत्र में स्थिरता और सुरक्षित समुद्री मार्ग सुनिश्चित करने के लिए भारत और ओमान का सहयोग बढ़ता जा रहा है। क्षेत्रीय सुरक्षा के संदर्भ में ओमान एक संतुलित और मध्यस्थ भूमिका निभाने वाला देश रहा है।

जीवन मंत्र

## ऊब की जड़ों को खोजिए

यदि आप यह जान सकें कि आप क्यों ऊब गए हैं, तो निस्संदेह आप समस्या का हल कर लेंगे। है न? तब जागी हुई अभिरुचि कार्य करने लगेगी।



यदि आप ऊब गए हैं, तो उसका कारण क्या है? वह है क्या, जिसको हम ऊब कहते हैं? ऐसा क्यों है कि आपकी किसी भी चीज में रुचि नहीं है? कुछ कारण अवश्य होने चाहिए, जिन्होंने आपको मंद बना दिया है। यदि आप यह जान सकें कि आप क्यों ऊब गए हैं, तो निस्संदेह आप समस्या का हल कर लेंगे। है न? तब जागी हुई अभिरुचि कार्य करने लगेगी। हम अंदर से, मानसिक तौर पर पता लगा सकते हैं कि हम क्यों इतनी अधिक ऊब की अवस्था में हैं। हम यह भी देख सकते हैं कि हममें से अधिकांश क्यों इस हालत में हैं; हमने अपने को भावनात्मक रूप से और दिमागी तौर पर भी थकाकर निढाल कर लिया है; हमने इतनी सारी चीजों, अनुभूतियों, मनोरंजनों, प्रयोगों को आजमाया है कि हम जड़, क्लांत हो चुके हैं। यदि हम एक मनोवैज्ञानिक से असंतुष्ट हो जाते हैं, तो किसी दूसरे के पास या फिर किसी धर्मगुरु के पास चले जाते हैं; यदि वहां असफल होते हैं, तो किसी तीसरे आचार्य के पास और इसी प्रकार क्रम चलता रहता है। हम हमेशा दर-दर भटकते रहते हैं। लगातार खुद को तानने और फिर छोड़ देने की यह प्रक्रिया निढाल करने वाली होती है। क्या नहीं होती? दूसरी सभी उत्तेजनाओं की तरह यह शीघ्र ही मन को जड़ बना देती है। हमने यही किया है। एक संवेदन से दूसरे संवेदन की ओर; एक उत्तेजना से दूसरी उत्तेजना की ओर तब तक भागते जाना, जब तक कि थककर हम निढाल न हो जाएं। तो, अब इसका एहसास होने पर आप और आगे न जाएं, कुछ विश्राम करें। शांत हों और मन को स्वयं अपने से शक्ति प्राप्त करने दें, उसे बाध्य न करें। जैसे पृथ्वी पुनः अपने को नूतन कर लेती है, उसी प्रकार जब मन को शांत होने दिया जाता है, तो वह अपने को नूतन कर लेता है। परंतु मन को शांत होने देना और इस सबके बाद उसे रिक्त रहने देना बड़ा दुष्कर है, क्योंकि मन हर समय कुछ-न-कुछ करते रहना चाहता है। याद रखिए, समस्या तभी है, जब आप किसी स्थिति को जैसी वह है, वैसी आप स्वीकार नहीं करते और उसे बदलना चाहते हैं। इसका यह मतलब नहीं कि मैं संतोष करके बैठने की वकालत कर रहा हूं, बात इसके उलट है। यदि हम जो हैं, उसे स्वीकार कर लें, तो देखेंगे कि वह बात, जिससे हम भयभीत हैं; वह स्थिति, जिसे हम ऊब, निराशा या भय कहते हैं, वह पूरी तरह से बदल गई है।

शख्सियत | उप्पुलुरी गणपति शास्त्री

## वेदों के प्रमुख विद्वान



उप्पुलुरी गणपति शास्त्री (16 दिसंबर 1888 – 17 जुलाई 1989) भारतीय संस्कृत विद्वान, लेखक और आध्यात्मिक शिक्षक थे, जिन्हें वेदों के गहन अध्ययन और उनके ज्ञान के लिए व्यापक रूप से जाना जाता है। उनका जीवन ज्ञान, शिक्षा और आध्यात्मिक साधना का उदाहरण रहा। शास्त्री ने वेदों के अध्ययन को जीवन का उद्देश्य बनाया और इस दिशा में उन्होंने कई महत्वपूर्ण ग्रंथों की रचना की।

उनकी प्रमुख रचना 'वेद सार रत्नावली' वेदों पर आधारित है और इसे दो भागों में लिखा गया। यह ग्रंथ आंध्र प्रदेश सरकार के बंदोबस्ती विभाग के लिए तैयार किया गया था, जिसमें वेदों के सार और उनके व्यावहारिक उपयोग को सरल भाषा में प्रस्तुत किया गया। गणपति शास्त्री का जन्म आंध्र प्रदेश के काकीनाडा में हुआ था। बचपन से ही उन्हें संस्कृत और वेदों में गहरी रुचि थी। उन्होंने अपने जीवन को वेदों के अध्ययन और उनके प्रचार-प्रसार को समर्पित कर दिया। उनकी विद्वत्ता और गहन अध्ययन ने उन्हें केवल विद्वान ही नहीं, बल्कि एक आध्यात्मिक मार्गदर्शक के रूप में भी प्रतिष्ठित किया। उनके जीवन में शिक्षा, अध्ययन और नैतिकता का अत्यधिक महत्व था। शास्त्री ने वेदों के ज्ञान को जन-जन तक पहुँचाने का कार्य किया। उन्होंने अनेक शिष्यों को शिक्षा दी और वेदों का सही अध्ययन तथा उनके आचार्यिक सिद्धांतों को समझने का मार्गदर्शन किया। इसके अलावा, उन्होंने वेदों के अध्ययन को आधुनिक समय के सामाजिक और शैक्षणिक संदर्भ में प्रस्तुत किया। उनकी इस समर्पित सेवा और योगदान के लिए भारत सरकार ने उन्हें 1985 में पद्म भूषण से सम्मानित किया। यह सम्मान उनके जीवनभर के ज्ञान और सामाजिक योगदान का प्रतीक था। गणपति शास्त्री की शिक्षाओं और ग्रंथों का उद्देश्य केवल शास्त्रीय ज्ञान प्रदान करना नहीं था, बल्कि उनका लक्ष्य वेदों के आदर्शों को लोगों के दैनिक जीवन में लागू करना था। वेद सार रत्नावली जैसे ग्रंथों के माध्यम से उन्होंने यह दिखाने का प्रयास किया कि वेद केवल धार्मिक या अनुष्ठानिक ग्रंथ नहीं हैं, बल्कि जीवन के प्रत्येक पहलू में उनका गहरा संदेश और मार्गदर्शन मौजूद है। उनके कार्य से भारतीय शिक्षा और संस्कृत अध्ययन को एक नया आयाम मिला। उनकी मृत्यु 17 जुलाई 1989 को हुई, लेकिन उनके योगदान और शिक्षाएँ आज भी जीवित हैं। उनके नाम पर एक गैर-सरकारी संगठन, श्री वप्पुलुरी गणपति शास्त्री वेद शास्त्र परिषद (वीजीवीपी) स्थापित किया गया, जो वेदों के अध्ययन और उनके प्रचार-प्रसार के क्षेत्र में कार्यरत है। यह संस्था उनके आदर्शों और शिक्षाओं को आगे बढ़ाने का काम करती है। उप्पुलुरी गणपति शास्त्री का जीवन भारतीय विद्वत्ता, संस्कृत अध्ययन और आध्यात्मिक साधना का आदर्श उदाहरण है। उन्होंने अपने ज्ञान और शिक्षाओं के माध्यम से न केवल वेदों का प्रचार किया, बल्कि समाज में नैतिकता, आध्यात्मिकता और शिक्षा के मूल्यों को भी स्थापित किया।

जीवन ऊर्जा | जॉन सेल्डन : जन्म 16 दिसंबर 1584 | जन्म

## धैर्य हर ज्ञान की शुरुआत है

जॉन सेल्डन एक प्रख्यात अंग्रेजी न्यायविद, लेखक और विद्वान थे। उनका जन्म 16 दिसंबर 1584 को हुआ था और निधन 30 नवंबर 1654 को हुआ। वे कानून, इतिहास और धर्म के क्षेत्र में अपने अद्भुत योगदान के लिए जाने जाते हैं। उनकी रचनाएं आज भी प्रेरणादायक और मूल्यवान मानी जाती हैं।



कानून की अज्ञानता किसी को माफ़ नहीं करती। बुद्धिमान लोग कहावतें बनाते हैं, लेकिन मूर्ख उन्हें दोहराते हैं। संसार का संचालन शब्दों से होता है। आनंद केवल दुःख का विराम है। पुराने दोस्त सबसे अच्छे होते हैं। आलस्य सबसे बड़ी बर्बादी है। कानून का अधिकार वहां समाप्त नहीं होता जहां तर्क समाप्त होता है, बल्कि जहां तर्क सिद्ध हो चुका होता है। किताबें सबसे अच्छे साथी हैं। सामान्य समझ वकील से बेहतर मार्गदर्शन करती है। एक सैनिक हर जगह एक जैसा होता है। अज्ञानता भक्ति की जननी है। जो लोग कानून की उपेक्षा करते हैं, उन्हें न्यायोचित दंड मिलता है। आत्म-सम्मान बनाए रखने के लिए थोड़ा गर्व आवश्यक है। सुंदर पत्नी वाला व्यक्ति दूसरों को खुश लगता है; असली खुशी वही उसे बनाए रखती है। इस दुनिया में इंसान का पहला काम रोना और आखिरी काम आह भरना होता है। सफलता को ऊंचाई से नहीं, बल्कि पार की गई बाधाओं से मापा जाता है। सबसे बड़ी जीत खुद पर विजय पाना है। ज्ञान वह पंख है जिससे हम स्वर्ग तक उड़ सकते हैं। धैर्य हर ज्ञान की शुरुआत है। सत्य एक छोटे और निश्चित दायरे में होता है, लेकिन भूल अपार होती है। एक अच्छी किताब एक महान आत्मा का अमूल्य जीवन है। सच्ची स्वतंत्रता को समझने से पाया जा सकता है। कानून मकड़ी के जाले जैसे हैं, जो छोटे कीटों को फंसा लेते हैं लेकिन ततैया और भौंरों को छोड़ देते हैं। परिश्रम ही सौभाग्य की जननी है। हर व्यक्ति स्वयं का सबसे बड़ा शत्रु है।

सर्वसिद्ध श्री बगलामुखी तारा महाशक्ति पीठ बिजाना शाजापुर मध्यप्रदेश



# सती अनसूया के सतित्व और ब्रह्मशक्ति की परीक्षा

एक बार नारद जी विचरण कर रहे थे तब तीनों देवियां मां लक्ष्मी, मां सरस्वती और मां पार्वती को परस्पर विमर्श करते देखा। तीनों देवियां अपने सतीत्व और पवित्रता की चर्चा कर रही थी। नारद जी उनके पास पहुंचे और उन्हें अत्रि महामुनि की पत्नी अनुसूया के असाधारण पातिव्रत्य के बारे में बताया। नारद जी बोले उनके समान पवित्र और पतिव्रता तीनों लोकों में नहीं है। तीनों देवियों को मन में अनुसूया के प्रति ईर्ष्या होने लगी। तीनों देवियों ने सती अनसूया के पातिव्रत्य को खंडित के लिए अपने पतियों को कहा तीनों ने उन्हें बहुत समझाया पर पर वे राजी नहीं हुई। इस विशेष आग्रह पर ब्रह्मा, विष्णु और महेश ने सती अनसूया के सतित्व और ब्रह्मशक्ति परखने की सोची। जब अत्रि ऋषि आश्रम से कहीं बाहर गए थे तब ब्रह्मा, विष्णु और महेश तीनों ने यतियों का भेष धारण किया और अत्रि ऋषि के आश्रम में पहुंचे तथा भिक्षा मांगने लगे। अतिथि-सत्कार की परंपरा के चलते सती अनुसूया ने त्रिमूर्तियों का उचित रूप से स्वागत कर उन्हें खाने के लिए निमंत्रित किया।



**पंडित कैलाशचंद्र शर्मा**
वैदिक सनातन संस्कृति के प्रचारक व सर्व सिद्ध श्री बगलामुखी तारा महाशक्ति पीठ के संस्थापक।
मो. नं. 9425980556

लेकिन यतियों के भेष में त्रिमूर्तियों ने एक स्वर में कहा, 'हे साध्वी, हमारा एक नियम है कि जब तुम निर्वस्त्र होकर भोजन परोसोगी, तभी हम भोजन करेंगे।' अनसूया अस मंजस में पड़ गई कि इससे तो उनके पातिव्रत्य के खंडित होने का संकट है। उन्होंने मन ही मन ऋषि अत्रि का स्मरण किया। दिव्य शक्ति से उन्होंने जाना कि यह तो त्रिदेव ब्रह्मा, विष्णु और महेश हैं।

मुस्कुराते हुए माता अनुसूया बोली 'जैसी आपकी इच्छा'.... तीनों यतियों पर जल छिड़क कर उन्हें तीन प्यारे शिशुओं के रूप में बदल दिया। सुंदर शिशु देख कर माता अनुसूया के हृदय में मातृत्व भाव उमड़ पड़ा। शिशुओं को स्तनपान कराया, दूध-भात खिलाया, गोद में सुलाया। तीनों



गहरी नींद में सो गए। अनसूया माता ने तीनों को झूले में सुलाकर कहा- 'तीनों लोकों पर शासन करने वाले त्रिमूर्ति मेरे शिशु बन गए, मेरे भाग्य को क्या कहा जाए। फिर वह मधुर कंठ से लोरी गाने लगी। उसी समय कहीं से एक सफेद बैल आश्रम में पहुंचा, एक विशाल गरुड़ पंख फड़फड़ाते हुए आश्रम पर उड़ने लगा और एक राजहंस कमल को चोंच में लिए हुए आया और आकर द्वार पर उतर गया। यह नजारा देखकर नारद, लक्ष्मी, सरस्वती और पार्वती आ पहुंचे।

नारद ने विनयपूर्वक अनसूया से कहा, 'माते, अपने पतियों से संबंधित प्राणियों को आपके द्वार पर देखकर यह तीनों देवियां यहां पर आ गई हैं। यह अपने पतियों को ढूंढ रही थी। इनके पतियों को कृपया इन्हें सौंप दीजिए।'

अनसूया ने तीनों देवियों को प्रणाम करके कहा, 'माताओं, झूलों में सोने वाले शिशु अगर आपके पति हैं तो इन्हें आप ले जा सकती हैं।' लेकिन जब तीनों देवियों ने तीनों शिशुओं को देखा तो एक समान लगने वाले तीनों शिशु गहरी निद्रा में सो रहे थे। इस पर लक्ष्मी, सरस्वती और पार्वती भ्रमित होने लगीं।


## अपने विचार



मनरेगा के नाम बदलने को लेकर सरकार के प्रस्तावित नए जी-राम-जी विधेयक पर विवाद दुर्भाग्यपूर्ण है। ग्राम स्वराज का विचार और राम राज्य का आदर्श कभी प्रतिस्पर्धी शक्तियां नहीं थीं, वे गांधी जी की चेतना के दोहरे स्तंभ थे।
– शशि थरूर
कांग्रेस नेता



आज हम जिस दुनिया में रह रहे हैं, वह परिवर्तन के दौर से गुजर रही है। यह भू-राजनैतिक बदलाव का वक्त है, जिसमें दुनिया एकध्रुवीय से बहुध्रुवीय बनने की ओर बढ़ रही है। उभरते बहुध्रुवीय विश्व में भारत एक मजबूत ध्रुव होगा, जिसका उदय कोई रोक नहीं सकता है।
-समीर वी कामत डी
आरडीओ, अध्यक्ष



विपक्ष प्रधानमंत्री का सड़कों और सार्वजनिक मंचों पर मजाक उड़ा रहा है। यह (भारत) बहुत बड़ा देश है, कांग्रेस तीन राज्यों (के शासन) में हो सकती है। मेरे मित्र इस बात को कृपया ध्यान में रखिए कि 'वोट चोरी' शब्द का इस्तेमाल कर आपको आने वाले दिनों में नुकसान उठाना पड़ेगा।
-एचडी देवेगौड़ा
जनता दल (एस) प्रमुख



एक वोट हासिल करने या एक वार्ड जीतने के लिए उन्हें दूसरे पुरुषों के सामने परेड नहीं कराया जाता। हमारे यहां भी महिलाएं विवाहित हैं लेकिन वे अपने पतियों के साथ सोने के लिए और बच्चे पैदा करने के लिए होती है।
- सैयद अली मजीद
CPI-M नेता

अपने विचार
डीबीडी कार्यालय
ग्राउंड फ्लोर, ऑफिस नं. 2, के.के. चैम्बर्स, पुरुषोत्तमदास ठाकरदास रोड, फोर्ट, मुंबई- 400001
indiagroundreport@gmail.com
भेज सकते हैं।

यह अखबार "माध्यम कार्पोरेट सर्विसेज लि. " के लिए प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक अरुण लाल द्वारा ग्राउंड फ्लोर, ऑफिस नं. 2, के. के. चैम्बर्स, पुरुषोत्तमदास ठाकरदास रोड, फोर्ट, मुंबई- 400001 से प्रकाशित एवं सोमानी प्रिंटिंग प्रेस, गाला नं. 4, एन.के.इंडस्ट्रियल इस्टेट, इनसाइड प्रवासी इंडस्ट्रयल इस्टेट गेट नं. 2, गोरेगांव पू., मुंबई-63 से मुद्रित. फोन नं. 022-66555719 ईमेल : indiagroundreport@gmail.com कार्यकारी संपादक : अमित बृज (पी.आर.बी. अधिनियम के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए जिमेदार).

## ब्रीफ न्यूज़

### 13 से 19 जनवरी तक भव्य श्रीकृष्ण रासलीला महोत्सव



ठाणे। शहर के संत तुकाराम महाराज मैदान, दौलत नगर फायर ब्रिगेड, कोपरी पूर्व में 13 जनवरी से 19 जनवरी तक भव्य श्रीकृष्ण रासलीला महोत्सव का आयोजन किया जाएगा, जिसमें वृंदावन के सुप्रसिद्ध संत डॉ. स्वामी देवकीनंदन महाराज के मुखारविंद से श्रद्धालु रासलीला का रसपान करेंगे। इस आयोजन को लेकर आयोजित बैठक में संयोजक सुशील गाड़िया, सह संयोजक सीए पवन अग्रवाल सहित विजय बसावतीया, अरविंद अग्रवाल, अशोक चांडक, शिवप्रकाश अग्रवाल, राकेश अग्रवाल, महेश गाड़िया, विनोद अग्रवाल, निर्मल विदावतका, प्रकाश सराफ, ओम कारीवाल, जितेंद्र शर्मा, सीबी शर्मा, सुनीता गाड़िया, लक्ष्मी अग्रवाल, निधि गर्ग, मिनल खेतान, माया जोशी, रीना अरूकिया, रचना मेहरा समेत अनेक पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे, जिन्होंने आयोजन को भव्य और सफल बनाने का संकल्प व्यक्त किया।

### कल्याण में श्रीराम कथा का आयोजन

कल्याण। सृजन संस्था के तत्वावधान में मानव कल्याण और धार्मिक उन्नति के उद्देश्य से इस वर्ष भी भव्य श्रीराम कथा का आयोजन 19 दिसंबर से 27 दिसंबर 2025 तक दुर्गा माता मंदिर, कोलसेवाड़ी परिसर में किया जाएगा, जिसमें काशी के प्रसिद्ध कथावाचक श्री धनेश्वर दास जी महाराज प्रतिदिन सायं 6:30 बजे से रात्रि 9:15 बजे तक कथा का वाचन करेंगे; आयोजकों के अनुसार यह आयोजन परंपरागत क्रम में रामकथा और श्रीमद्भागवत कथा के भाव को आगे बढ़ाते हुए श्रद्धालुओं को आध्यात्मिक अनुभूति और पुण्यलाभ प्रदान करेगा, जबकि कथा समापन के बाद 28 दिसंबर को महाप्रसाद (भंडारा) का भव्य आयोजन भी होगा।

### बांद्रा टर्मिनस–दिल्ली सराय रोहिल्ला सुपरफास्ट एक्सप्रेस का कलोल स्टेशन पर अतिरिक्त ठहराव

मुंबई। पश्चिम रेलवे द्वारा यात्रियों की सुविधा के लिए ट्रेन संख्या 12216/12215 बांद्रा टर्मिनस–दिल्ली सराय रोहिल्ला सुपरफास्ट एक्सप्रेस को कलोल स्टेशन पर अतिरिक्त ठहराव प्रदान किया गया है। पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी विनीत अभिषेक द्वारा जारी एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, 16 दिसम्बर को बांद्रा टर्मिनस से यात्रा प्रारंभ करने वाली ट्रेन संख्या 12216 बांद्रा टर्मिनस – दिल्ली सराय रोहिल्ला सुपरफास्ट एक्सप्रेस कलोल स्टेशन पर रुकेगी। यह ट्रेन कलोल स्टेशन पर 20:11 बजे पहुँचेगी तथा 20:13 बजे प्रस्थान करेगी। इसी प्रकार, 16 दिसम्बर, 2025 को दिल्ली सराय रोहिल्ला से यात्रा प्रारंभ करने वाली ट्रेन संख्या 12215 दिल्ली सराय रोहिल्ला - बांद्रा टर्मिनस सुपरफास्ट एक्सप्रेस कलोल स्टेशन पर रुकेगी। यह ट्रेन कलोल स्टेशन पर 22:41 बजे पहुँचेगी तथा 22:43 बजे प्रस्थान करेगी।

# दहिसर से हटेगा रडार

- 50 हजार नए घरों का रास्ता हुआ साफ
- केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने किया ऐलान

डीबीडी संवाददाता | मुंबई

भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (एएआई) का हाई-फ्रीक्वेंसी रडार, जो अभी दहिसर में लगा है, उसे अब गोराई में शिफ्ट किया जाएगा। इससे दहिसर में सैकड़ों एकड़ जमीन खाली होगी, जहां किफायती (अफोर्डेबल) हाउसिंग प्रोजेक्ट शुरू किए जा सकेंगे। यह फैसला नागरिक उड्डयन मंत्रालय, महाराष्ट्र सरकार, एएआई और अन्य संबंधित विभागों की बैठक के बाद लिया गया। इस बात की जानकारी नागरिक उड्डयन मंत्री के राममोहन नायडू ने दी। उन्होंन बताया कि रडार को शिफ्ट करने के लिए कैबिनेट से मंजूरी ली जाएगी, ताकि जल्द से जल्द निर्माण कार्य शुरू हो सके।

### अगले पांच साल में पूरी होगी परियोजना

जमीनों पर बनने वाले घर को लेकर केंद्रीय मंत्री और उत्तर मुंबई के सांसद पीयूष गोयल ने कहा कि अगले पांच साल में करीब 50,000 घर बनाए या फिर पुराने घरों का पुनर्विकास किया जाएगा। इससे लोगों को पक्के घर, बुनियादी सुविधाएं मिलेंगी और रोजगार के नए अवसर भी पैदा होंगे। उन्होंने कहा कि यह फैसला कई वर्षों की कोशिशों और केंद्र व राज्य सरकार के सहयोग से संभव हो पाया है। इससे दहिसर की पहचान अब 'आखिरी उपनगर' के बजाय तेजी से विकसित होते क्षेत्र के रूप में होगी।



### 1,000 एकड़ जमीन होगी उपलब्ध

नागरिक उड्डयन मंत्री नायडू ने आगे कहा कि रडार हटने से दहिसर में करीब 1,000 एकड़ जमीन (6 किलोमीटर क्षेत्र में) हाउसिंग प्रोजेक्ट्स के लिए उपलब्ध होगी। इससे दहिसर के लोगों का अपने घर का सपना पूरा होगा और यह इलाका आसान और बेहतर जीवन का केंद्र बनेगा।

### रडार की वजह से रुक रहा था विकास?

बता दें कि दहिसर और जुहू में लगे रडार की वजह से इमारतों की ऊंचाई पर रोक लगी हुई थी। इससे आस-पास के कई शहरी विकास परियोजनाएं अटकी हुई थीं और लाखों लोग जर्जर इमारतों में रहने को मजबूर थे। इससे पहले महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने विधानसभा में बताया कि राज्य सरकार ने दहिसर और जुहू दोनों जगहों से रडार हटाने का फैसला किया है। दहिसर का रडार गोराई शिफ्ट होगा और इसका पूरा खर्च राज्य सरकार उठाएगी, साथ ही केंद्र सरकार को बिना किसी कीमत के जमीन भी दी जाएगी। गौरतलब है कि मामले में राज्य सरकार ने जुहू (डीएन नगर) के रडार को शिफ्ट करने के लिए भी एक वैकल्पिक जगह सुझाई है। तकनीकी जांच पूरी होने के बाद वहां भी रडार हटाने की प्रक्रिया शुरू होगी। इसके बाद जुहू इलाके में भी रीडेवलपमेंट आसान हो जाएगा। कुल मिलाकर अब यह कहना गलत नहीं होगा कि फैसला हाउसिंग, रोजगार और शहरी विकास के लिहाज से मुंबई के लिए एक बड़ा और ऐतिहासिक कदम माना जा रहा है।

# मध्य रेल मुंबई मंडल में यात्री सुविधाओं का विस्तार

डीबीडी संवाददाता | मुंबई


मध्य रेल यात्रियों को बेहतर सुविधा और सुरक्षित यात्रा अनुभव उपलब्ध कराने की अपनी प्रतिबद्धता को मजबूत करते हुए मुंबई मंडल के विभिन्न स्टेशनों पर यात्री सुविधाओं को लगातार उन्नत कर रहा है। सभी वर्गों के यात्रियों के लिए आरामदायक, सुगम और निर्बाध यात्रा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से नवंबर 2025 के दौरान कई नई सुविधाएं शुरू की गई हैं।

### स्टेशनों पर नए एस्केलेटर

यात्रियों की आवाजाही को आसान बनाने के लिए कुल 6 नए एस्केलेटर लगाए गए हैं। इनमें पनवेल स्टेशन पर 3, नेरल स्टेशन पर 2 और बदलापुर स्टेशन पर 1 एस्केलेटर शामिल है।

### यात्रियों के लिए नया वाटर कूलर

लोनावला स्टेशन के प्लेटफॉर्म क्रमांक 2/3 पर यात्रियों की सुविधा हेतु नया वाटर कूलर लगाया गया है।



### ऊर्जा बचत वाले बीएलडीसी पंखे

विभिन्न स्टेशनों पर 148 नए ब्रशलेस डायरेक्ट करंट (बीएलडीसी) पंखे लगाए गए हैं। ये पंखे पारंपरिक पंखों की तुलना में 50 से 70 प्रतिशत तक कम ऊर्जा की खपत करते हैं और कम शोर के साथ बेहतर कार्यक्षमता प्रदान करते हैं।

### दादर स्टेशन पर एचवीएलएस पंखे

दादर स्टेशन के अपर लेवल बुकिंग कॉनकोर्स में 2 हाई वॉल्यूम लो स्पीड (एचवीएलएस) पंखे लगाए गए हैं। ये बड़े क्षेत्रों में बेहतर वेंटिलेशन और ठंडक प्रदान करते हुए ऊर्जा की बचत सुनिश्चित करते हैं।

### एलईडी लाइट्स से बेहतर रोशनी

विभिन्न स्टेशनों पर 391 नई ऊर्जा कुशल एलईडी लाइट्स लगाई गई हैं। इनसे बेहतर प्रकाश व्यवस्था, कम रखरखाव लागत और पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा मिला है।

### आधुनिक उपनगरीय ट्रेन इंडिकेटर

अंबरनाथ स्टेशन पर पुराने संकेतकों के स्थान पर 14 नए उपनगरीय ट्रेन इंडिकेटर लगाए गए हैं, जो स्पष्ट दृश्यता और आकर्षक डिज़ाइन के साथ यात्रियों को बेहतर जानकारी उपलब्ध कराते हैं।

# पश्चिम रेलवे महिला कल्याण संगठन का सम्मान समारोह

## बाल विजेताओं को पुरस्कार, 'स्वच्छता से सशक्तिकरण की शुरुआत' पहल का शुभारंभ

डीबीडी संवाददाता | मुंबई

पश्चिम रेलवे महिला कल्याण संगठन (WR-WWO) द्वारा मुंबई स्थित पश्चिम रेलवे मुख्यालय में निबंध, चित्रकला एवं पेंटिंग प्रतियोगिताओं के विजेताओं के सम्मान में समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर "स्वच्छता से सशक्तिकरण की शुरुआत" शीर्षक से एक सामाजिक कल्याण पहल का भी शुभारंभ किया गया।

### 37 बाल विजेताओं को नकद पुरस्कार और प्रमाण पत्र



पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी विनीत अभिषेक द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, निबंध, चित्रकला एवं पेंटिंग तथा अंतर-मंडलीय चित्रकला एवं पेंटिंग प्रतियोगिता की तीन श्रेणियों में कुल 37 बाल विजेताओं को पश्चिम रेलवे महिला कल्याण संगठन की अध्यक्षा नीता गुप्ता द्वारा नकद पुरस्कार और प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए। कार्यक्रम में संगठन की कार्यकारिणी समिति के सदस्य भी उपस्थित रहे। सभा को संबोधित करते हुए नीता गुप्ता ने बच्चों को अपनी रुचि के अनुसार शौक अपनाने के लिए प्रेरित किया और कहा कि शिक्षा के साथ-साथ सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों में भागीदारी बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए आवश्यक है। उन्होंने प्रतियोगिताओं में प्रतिभागियों की रचनात्मकता और उत्कृष्ट प्रदर्शन की सराहना की।

### महिलाओं के लिए स्वच्छता किट वितरण

इसी कार्यक्रम के दौरान "स्वच्छता से सशक्तिकरण की शुरुआत" परियोजना की शुरुआत की गई, जिसके तहत आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग की महिलाओं को सैनिटरी नैपकिन वितरित किए जाएंगे। इस पहल के अंतर्गत पश्चिम रेलवे मुख्यालय में कार्यरत कॉन्ट्रैक्ट पर नियुक्त महिला कर्मचारियों को नीता गुप्ता द्वारा सैनिटरी नैपकिन, तौलिया और साबुन सहित स्वच्छता किट प्रदान की गई। इस कदम को महिला सशक्तिकरण, स्वास्थ्य और सामाजिक कल्याण की दिशा में महत्वपूर्ण बताया गया। पश्चिम रेलवे ने कहा कि वह पश्चिम रेलवे महिला कल्याण संगठन के माध्यम से उभरती प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने और समाज के कल्याण के लिए समावेशी सामाजिक पहलों को निरंतर समर्थन देती रहेगी।

# माझी वसुंधरा अभियान 6.0 के तहत ठाणे मनपा की पर्यावरण प्रतियोगिताएं

डीबीडी संवाददाता | ठाणे



स्कूल-कॉलेज के विद्यार्थियों और नागरिकों में पर्यावरण संरक्षण को लेकर जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से ठाणे महानगरपालिका के पर्यावरण विभाग द्वारा माझी वसुंधरा अभियान 6.0 के तहत विविध पर्यावरण प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है। मनपा आयुक्त सौरभ राव ने सभी कॉलेजों, स्कूलों, एनजीओ और सामाजिक संगठनों से इन प्रतियोगिताओं में सक्रिय भागीदारी कर पर्यावरण-अनुकूल पहल को आगे बढ़ाने और अभियान को सफल बनाने की अपील की है। इन प्रतियोगिताओं में पर्यावरण पर रील व जानकारीपरक फिल्में बनाना, पर्यावरण एंबेसडर का चयन, जन-जागरूकता गतिविधियों का क्रियान्वयन, ग्रीन प्रतिज्ञाओं का पंजीकरण, पर्यावरण हितैषी कार्यों को अमल में लाकर उनका सोशल मीडिया पर प्रचार शामिल है। सामाजिक और शैक्षणिक संस्थाएं ऑनलाइन भागीदारी कर सकती हैं, जिसके लिए स्कूल स्तर पर गूगल फॉर्म के माध्यम से पंजीकरण किया जा सकता है।

# कुंभ मेले के मद्देनजर महाप्रबंधक ने देवलाली-मनमड खंड का किया निरीक्षण

डीबीडी संवाददाता | भुसावल

कुंभ मेले के मद्देनज़र 14 दिसंबर 2025 को मध्य रेलवे के महाप्रबंधक विवेक कुमार गुप्ता ने भुसावल मंडल के मंडल रेलवे प्रबंधक पुनीत अग्रवाल तथा वरिष्ठ शाखा अधिकारियों के साथ देवलाली–मनमड रेलवे खंड का विस्तृत निरीक्षण किया। इस दौरान रेलवे लाइनों की तकनीकी स्थिति, चल रहे विकास एवं रखरखाव कार्यों, ओवरहेड उपकरण (ओएचई), लेवल क्रॉसिंग तथा अन्य सुरक्षा से जुड़े महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे की गहन समीक्षा की गई।

### प्रमुख स्टेशनों की तैयारियों की समीक्षा



महाप्रबंधक ने आगामी कुंभ मेले को ध्यान में रखते हुए देवलाली स्टेशन, नासिक रोड स्टेशन और खेरवाड़ी स्टेशन का भी निरीक्षण किया। यहां यात्रियों के लिए उपलब्ध सुविधाओं, स्टेशन परिसर की स्वच्छता, भीड़ प्रबंधन तथा परिचालन तैयारियों का आकलन किया गया, ताकि श्रद्धालुओं और आम यात्रियों को सुरक्षित, सुगम और आरामदायक यात्रा का अनुभव मिल सके।

### सुधार के निर्देश और अधिकारी उपस्थित

निरीक्षण के दौरान महाप्रबंधक ने संबंधित अधिकारियों को यात्री सुविधाओं में सुधार, स्वच्छता व्यवस्था को सुदृढ़ करने, सुरक्षा उपायों को मजबूत करने तथा यातायात प्रबंधन को प्रभावी बनाने के निर्देश दिए। इस अवसर पर वरिष्ठ शाखा अधिकारी, पर्यवेक्षक और कर्मचारी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# सोलापुर डिवीजन के राहुल ने अखिल भारतीय बॉडीबिल्डिंग चैंपियनशिप में जीता राष्ट्रीय सम्मान

डीबीडी संवाददाता | सोलापुर

सेंट्रल रेलवे के सोलापुर डिवीजन के सीनियर सीसीटीसी राहुल चिंदा ने अखिल भारतीय बॉडीबिल्डिंग चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन कर राष्ट्रीय सम्मान हासिल किया है। उन्होंने झारखंड के चक्रधरपुर में आयोजित 39वीं अखिल भारतीय बॉडीबिल्डिंग चैंपियनशिप में भाग लेते हुए सेंट्रल रेलवे और सोलापुर डिवीजन का नाम पूरे देश में रोशन किया।



### 80 किलोग्राम वर्ग में पहला स्थान

रेलवे खेल संवर्धन बोर्ड (आरएसपीबी) के तहत दक्षिण पूर्वी रेलवे खेल संघ द्वारा आयोजित इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में देशभर के विभिन्न रेलवे जोनों के शीर्ष एथलीटों ने हिस्सा लिया। असाधारण समर्पण, अनुशासन और उत्कृष्ट फिटनेस का परिचय देते हुए राहुल चिंदा ने 80 किलोग्राम भार वर्ग में प्रथम स्थान प्राप्त किया। इसके साथ ही उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए उन्हें प्रतियोगिता का सर्वोच्च सम्मान 'चैंपियन ऑफ चैंपियंस' का खिताब भी प्रदान किया गया।

### रेलवे अधिकारियों ने दी बधाई

इस उल्लेखनीय उपलब्धि पर मंडल रेलवे प्रबंधक डॉ. सुजीत मिश्रा, अतिरिक्त मंडल रेलवे प्रबंधक अंशुमाली कुमार, वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक योगेश पाटिल और खेल अधिकारी आदित्य त्रिपाठी ने राहुल चिंदा को बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। अधिकारियों ने कहा कि यह सफलता भारतीय रेलवे की मजबूत खेल संस्कृति और सोलापुर मंडल की उस प्रतिबद्धता को दर्शाती है, जिसके तहत कर्मचारियों को कार्य के साथ-साथ खेल और फिटनेस में भी उत्कृष्टता के लिए प्रोत्साहित किया जाता है।




# 12 राशिफल में देखें अपना दिन

**मेष** सुख के साधनों पर व्यय होगा। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। व्यापार-व्यवसाय मनोनुकूल लाभ देगा। निवेश शुभ रहेगा। अप्रत्याशित लाभ हो सकता है। सट्टे व लॉटरी से दूर रहें। नौकरी में प्रमोशन मिल सकता है। चोट व रोग से बचें। यश बढ़ेगा।

**वृष** स्वास्थ्य का ध्यान रखें। किसी व्यक्ति के व्यवहार से स्वाभिमान को ठेस पहुंच सकती है। घर में अतिथियों का आगमन होगा। शुभ समाचार प्राप्त होंगे। नौकरी में अधिकार मिल सकते हैं। शेयर मार्केट से लाभ होगा। बाहर जाने का मन बनेगा।

**मिथुन** शारीरिक कष्ट से बाधा संभव है। अप्रत्याशित खर्च सामने आएंगे। वाणी पर नियंत्रण रखें। हल्की हंसी-मजाक न करें। किसी अपरिचित व्यक्ति पर भरोसा न करें। चिंता तथा तनाव रहेंगे। लेन-देन में जल्दबाजी न करें।

**कर्क** व्यापार-व्यवसाय लाभदायक रहेगा। भूमि व भवन संबंधी कार्य लाभदायक रहेंगे। ऐश्वर्य के साधनों पर व्यय होगा। आय के साधनों में वृद्धि होगी। भाग्योन्नति के प्रयास सफल रहेंगे। नौकरी में उच्चाधिकारी प्रसन्न रहेंगे।

**सिंह** संपत्ति की खरीद-फरोख्त में सफलता मिलेगी। स्थायी संपत्ति की दलाली बड़ा लाभ दे सकती है। रोजगार प्राप्ति के प्रयास सफल रहेंगे। उन्नति के मार्ग प्रशस्त होंगे। सभी ओर से खुश खबरें प्राप्त होंगी। पारिवारिक चिंता रहेगी।

**कन्या** कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। लेन-देन में जल्दबाजी न करें। धनागम होगा। प्रतिद्वंद्वी अपना रास्ता छोड़ देंगे। वाहन व मशीनरी के प्रयोग में सावधानी रखें। किसी भी प्रकार के झगड़ों में न पड़ें। वाणी पर नियंत्रण रखें।

**तुला** धार्मिक कार्य में मन लगेगा। कोर्ट व कचहरी के कार्य मनोनुकूल रहेंगे। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। भाग्य का साथ मिलेगा। व्यापार-व्यवसाय लाभदायक रहेगा। नौकरी में उन्नति होगी। निवेशादि करने का मन बनेगा।

**वृश्चिक** लेनदारी वसूल करने के प्रयास सफल रहेंगे। व्यावसायिक यात्रा मनोनुकूल रहेगी। भाग्य का साथ रहेगा। कारोबार में वृद्धि होगी। समय पर कर्ज चुका पाएंगे। नौकरी में उच्चाधिकारी की प्रसन्नता प्राप्त होगी।

**धनु** शारीरिक कष्ट संभव है। पारिवारिक समस्या से चिंता बढ़ सकती है। नई आर्थिक नीति बन सकती है। कार्यस्थल पर सुधार व परिवर्तन से भविष्य में लाभ होगा। सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। पार्टनरों का सहयोग कार्य में गति प्रदान करेगा।

**मकर** कानूनी अड़चन सामने आएगी। अज्ञात भय सताएगा। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। प्रयास सफल रहेंगे। पराक्रम बढ़ेगा। सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे। भाग्य का साथ मिलेगा।

**कुंभ** व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। व्यापार-व्यवसाय ठीक चलेगा। निवेश शुभ रहेगा। नौकरी में संतोष रहेगा। पार्टी व पिकनिक का आनंद मिलेगा।

**मीन** प्रेम-प्रसंग में अनुकूलता रहेगी। पुराना रोग उभर सकता है। दु:खद समाचार प्राप्त हो सकता है। विवाद से क्लेश संभव है। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। किसी अपरिचित व्यक्ति पर अतिविश्वास न करें। व्यवसाय ठीक चलेगा। आय बनी रहेगी।

# गुरुवार का व्रत और गुरु कृपा: जीवन को दिशा देता है बृहस्पति का आशीर्वाद

सनातन परंपरा में गुरुवार का दिन अत्यंत पवित्र और फलदायी माना गया है। यह दिन देवताओं के गुरु बृहस्पति को समर्पित है, जो ज्ञान, धर्म, विवेक, भाग्य और सदाचार के कारक ग्रह माने जाते हैं। बृहस्पति का प्रभाव केवल कुंडली तक सीमित नहीं रहता, बल्कि वह व्यक्ति के विचार, आचरण और जीवन की दिशा को भी प्रभावित करता है। यही कारण है कि जब जीवन में बार-बार रुकावटें आने लगती हैं, विवाह, संतान, शिक्षा, भाग्य या मानसिक स्थिरता में बाधा दिखाई देती है, तब शास्त्र गुरुवार के व्रत और गुरु उपासना का मार्ग सुझाते हैं।

गुरुवार को ब्रह्मा और बृहस्पति दोनों का दिन माना गया है। इस दिन की प्रकृति क्षिप्र कही गई है, अर्थात इस दिन किए गए संकल्प और साधना शीघ्र फल देने वाले होते हैं। ज्योतिष शास्त्र के अनुसार यदि कुंडली में बृहस्पति छठे, सातवें, आठवें या दशम भाव में स्थित हो, तो व्यक्ति को जीवन में संघर्ष, विलंब



प्रियंका जैन
9769994439

और असंतोष का सामना करना पड़ता है। ऐसे में गुरुवार का व्रत व्यक्ति के भाग्य को स्थिरता देने का कार्य करता है। इसी प्रकार जिन जातकों की राशि धनु या मीन होती है, वे स्वयं बृहस्पति के अधीन माने जाते हैं, इसलिए उनके लिए भी गुरुवार का उपवास अत्यंत शुभ फलदायी कहा गया है।

जब कुंडली में गुरु शत्रु ग्रहों के साथ बैठा हो, विशेष रूप से शुक्र या बुध के प्रभाव में हो, या राहु के कारण अशुभ हो रहा हो, तब गुरु की शुभता कमजोर पड़ जाती है। बृहस्पति का कमजोर होना जीवन में सही निर्णय लेने की क्षमता को प्रभावित करता है। व्यक्ति को मार्ग दिखाने वाला विवेक धुंधला पड़ने लगता है। ऐसे समय में गुरुवार का व्रत केवल ग्रह शांति का उपाय नहीं रहता, बल्कि यह व्यक्ति के भीतर गुरु तत्व को जाग्रत करने का साधन बन जाता है। शास्त्रों में कहा गया है कि बृहस्पति से ही भाग्य का उदय होता है और जब गुरु प्रसन्न होते हैं, तो स्वयं जीवन के द्वार खुलने लगते हैं। गुरुवार का व्रत विवाह संबंधी समस्याओं में भी विशेष रूप से प्रभावी माना गया है। यदि विवाह में विलंब हो रहा हो, वैवाहिक जीवन में कलह हो या संबंधों में स्थायित्व न बन पा रहा हो, तो गुरु की शरण में जाना शुभ फल देता है। इसी प्रकार जिनकी कुंडली में आयु से संबंधित योग कमजोर हों या जीवन में बार-बार स्वास्थ्य संकट आते हों, उनके लिए भी गुरु उपासना को दीर्घायु का साधन माना गया है। बृहस्पति को जीवनदायिनी शक्ति का प्रतीक माना जाता है, जो व्यक्ति को न केवल शारीरिक, बल्कि मानसिक और आध्यात्मिक बल भी प्रदान करते हैं।

मानसिक रूप से अस्थिर, जल्दबाजी में निर्णय लेने वाले या उथली सोच में फंसे लोगों के लिए गुरुवार का व्रत विशेष लाभकारी माना गया है। गुरु का प्रभाव मन को गंभीरता, संयम और दूरदृष्टि प्रदान करता है। यदि जीवन में हर मोड़ पर असफलता हाथ लग रही हो, प्रयास के बावजूद सुख का अनुभव न हो रहा हो, तो यह संकेत माना जाता है कि गुरु तत्व कमजोर है। ऐसे में कम से कम ग्यारह गुरुवार का व्रत और गुरु से जुड़े उपाय जीवन की दिशा बदलने में सहायक हो सकते हैं। गुरुवार के दिन किए जाने वाले उपाय भी उतने ही महत्वपूर्ण माने गए हैं। इस दिन सफेद चंदन, हल्दी या गोरोचन का तिलक लगाने से गुरु तत्व मजबूत होता है। बुरी आदतों को छोड़ने और जीवन में सकारात्मक परिवर्तन का संकल्प लेने के लिए गुरुवार को सर्वोत्तम माना गया है, क्योंकि इस दिन मन में संकल्प शक्ति अधिक होती है।

## न्यूज़ ब्रीफ

### कोहरे की चपेट में पीतलनगरी, पारा सात डिग्री सेल्सियस

**मुरादाबाद।** पीतलनगरी मुरादाबाद सोमवार तड़के घने कोहरे की चादर में लिपटी रही। कोहरे के कारण दृश्यता बेहद कम रही, जिससे सड़कों पर वाहनों की गति धीमी हो गई और राहगीरों को आवागमन में दिक्कतों का सामना करना पड़ा। ठंड के चलते सुबह के समय अधिकांश लोग घरों में ही दुबके नजर आए। राजकीय इंटर कॉलेज स्थित मौसम प्रयोगशाला के अनुसार सोमवार को अधिकतम तापमान 22 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। सुबह करीब 10 बजे तक कोहरा छाया रहा, इसके बाद धूप निकलने से मौसम कुछ साफ हुआ और ठंड से आंशिक राहत मिली। दोपहर में लोग छतों और खुले स्थानों पर धूप सेंकते दिखाई दिए। मौसम विशेषज्ञ प्रो. ए.के. सिंह ने बताया कि आने वाले दिनों में तापमान में और गिरावट आएगी तथा कोहरे का असर बना रहेगा। दिसंबर के अंतिम सप्ताह में न्यूनतम तापमान 4 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचने की संभावना है, जिससे ठिठुरन और बढ़ेगी।

### पुलिस मुठभेड़ में 50 हजार का इनामिया गिरफ्तार

**संभल।** बनियाठेर थाना पुलिस ने चेकिंग के दौरान मुठभेड़ में 50 हजार रुपये के इनामी बदमाश को गिरफ्तार किया है। जवाबी फायरिंग में बदमाश के पैर में गोली लगी, जबकि एक सिपाही भी घायल हो गया। घटना ग्राम नेहटा के जंगल क्षेत्र की है। गिरफ्तार अभियुक्त इमरान, थाना भोजपुर (मुरादाबाद) में दर्ज लूट के मामले में वांछित था। उसके पास से अवैध तमंचा, कारतूस और बिना नंबर की मोटरसाइकिल बरामद की गई है। दोनों घायलों को उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया है। सूचना पर क्षेत्राधिकारी चंदौसी सहित अन्य थानों की पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने अभियुक्त के खिलाफ विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है।


### पिता ने की थी हत्या, यमुना तट से कंकाल बरामद

**आगरा।** थाना मलपुरा क्षेत्र में सेवानिवृत्त दरोगा पर अपनी बेटी की हत्या का गंभीर आरोप लगा है। प्रेम संबंध से नाराज होकर पिता ने परिजनों के साथ मिलकर युवती की गला दबाकर हत्या कर दी और शव यमुना नदी में फेंक दिया। पुलिस ने आरोपित की निशानदेही पर इटावा जिले से मानव कंकाल बरामद किया है। विनायक गार्डन निवासी रनवीर सिंह यादव (65) उत्तर प्रदेश पुलिस से दरोगा पद से सेवानिवृत्त हैं। उनकी पुत्री अंशु यादव (35) पड़ोसी युवक अनुराग यादव से विवाह करना चाहती थी, जिसे परिवार स्वीकार नहीं कर रहा था। अंशु के लापता होने पर पिता ने गुमशुदगी दर्ज कराई थी। बाद में मृतका के प्रेमी ने पुराने वीडियो साक्ष्य के आधार पर हत्या की आशंका जताते हुए मुकदमा दर्ज कराया। पुलिस की सख्त पूछताछ में आरोपित टूट गया और हत्या की बात स्वीकार की। रविवार रात आगरा और इटावा पुलिस तथा एसडीआरएफ की संयुक्त कार्रवाई में इटावा के बढ़पुरा क्षेत्र में यमुना किनारे झाड़ियों से कंकाल बरामद किया गया। शव की पहचान डीएनए परीक्षण से कराई जाएगी।

# राम मंदिर के प्रमुख किरदार डा. रामविलास वेदांती का अवसान

- रामनगरी में सरयू तट पर आज किया जाएगा अंतिम संस्कार
- 67 वर्षीय पूर्व सांसद ने एमपी के रीवा में ली अंतिम सांस

**अयोध्या।** श्री राम जन्मभूमि आंदोलन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले प्रख्यात संत और पूर्व सांसद डॉ. रामविलास दास वेदांती का आज सोमवार को मध्य प्रदेश के रीवा सुपर हॉस्पिटल में निधन हो गया। वे लगभग 67 वर्ष के थे। उनके निधन से अयोध्या, संत समाज और राजनीतिक जगत में शोक की लहर दौड़ गई है। उनका पार्थिव शरीर अयोध्या लाया जा रहा है और सरयू तट पर मंगलवार 16 दिसंबर सुबह 10 बजे अंतिम संस्कार किया जाएगा। डा वेदांती के आश्रम हिन्दू धाम में श्रंद्धाजलि देने के लिए लोग पहुंच रहे हैं।



### मंदिर आंदोलन के अग्रणी किरदार थे

डॉ. वेदांती का जन्म रीवा के गुढ़वा गांव में 7 अक्टूबर 1958 को हुआ था और 12 साल की उम्र में अयोध्या आ गए थे। उनका पूरा जीवन यहीं पर बीता। श्रीराम मंदिर आंदोलन को धार देने के कारण उन्हें राम मंदिर जन्मभूमि न्यास के कार्यकारी अध्यक्ष का दायित्व सौंपा गया। अयोध्या में विवादित ढांचा विध्वंस के प्रमुख आरोपियों में भी पूर्व सांसद वेदांती का नाम शामिल था। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के गुरु महंत अवेद्य नाथ एवं रामचंद्र दास परमहंस के साथ-साथ रामविलास दास वेदांती 90 के दशक में मंदिर आंदोलन के अग्रणी किरदार थे।

### मछलीशहर सीट से दो बार रहे सांसद

हनुमानगढ़ी के महंत तथा राम मंदिर उद्धारक महंत अभिराम दास के शिष्य रामविलास दास वेदांती हिंदू धाम नयाघाट में निवास करते थे। उनका वशिष्ठ भवन नामक आश्रम भी है। उन्होंने रामलला और हनुमानगढ़ी के सामने कई दशकों तक रामकथा का वाचन किया। वे संस्कृत के प्रख्यात विद्वान भी थे। उत्तरप्रदेश के प्रतापगढ़ और जौनपुर की मछलीशहर सीट से वह दो बार भाजपा के सांसद भी रहे।

### 'हमने मंदिर के खंडहर को तोड़ा था'

अयोध्या के विवादित ढांचा के ध्वस्तीकरण मामले में सीबीआई की विशेष अदालत ने अपना अंतिम फैसला सुनाते हुए डॉ. वेदांती सहित सभी आरोपियों को बरी कर दिया था। फैसले से पहले कोर्ट में दर्ज कराए अपने बयान में डॉ. रामविलास वेदांती ने कहा था हमने किसी मस्जिद को नहीं बल्कि मंदिर के खंडहर को तोड़ा था। वहां केवल और केवल मंदिर था जिसे राजा विक्रमादित्य ने बनवाया था।

# बिहार को मिले 1283 आयुष चिकित्सक

**मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सौंपा नियुक्ति पत्र**



**पटना।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सोमवार को 1283 नवनियुक्त आयुष चिकित्सकों को नियुक्ति पत्र प्रदान किए। मुख्यमंत्री सचिवालय स्थित 'संवाद' में आयोजित समारोह के दौरान उन्होंने प्रतीकात्मक रूप से 10 चिकित्सकों को नियुक्ति पत्र सौंपे। नियुक्त किए गए चिकित्सकों में 685 आयुर्वेदिक, 393 होमियोपैथिक तथा 205 यूनानी चिकित्सक शामिल हैं। इनकी तैनाती अभ्यर्थियों की मेधा सूची, इच्छित जिलों और रिक्तियों की उपलब्धता के आधार पर राज्य के सभी 38 जिलों के विभिन्न स्वास्थ्य संस्थानों में की गई है।

## मुजफ्फरपुर में पूरे परिवार को निगल गया गरीबी का दानव

# तीन बेटियों संग पिता ने की आत्महत्या, दो बेटे बचे

- फंदे पर लटका मिला सभी का शव, आर्थिक संकट से जूझ रहा था परिवार

**एजेंसी । पटना**

बिहार के मुजफ्फरपुर जिले के सकरा थाना क्षेत्र अंतर्गत नवलपुर मिश्रौलिया वार्ड संख्या चार में सोमवार तड़के एक हृदयविदारक घटना सामने आई। गरीबी और पारिवारिक संकट से जूझ रहे एक मजदूर ने अपनी तीन बेटियों के साथ फंदे से लटककर आत्महत्या कर ली, जबकि उसके दो मासूम बेटे किसी तरह बच गए। पुलिस के अनुसार मृतक की पहचान अमरनाथ राम के रूप में हुई है, जो मजदूरी कर परिवार का भरण-पोषण करते थे। उनकी पत्नी का पिछले वर्ष निधन हो चुका था। अमरनाथ राम अपने पांच बच्चों के साथ रहते थे। सोमवार सुबह उनके घर में अमरनाथ राम और उनकी तीन बेटियां अनुराधा, शिवानी व राधिका फंदे से लटकी मिलीं। वहीं दो बेटे शिवम और अभिराज को भी नुकसान पहुंचाने की कोशिश की गई थी, लेकिन वे जीवित बच गए।



### सुबह चार बजे बच्चे ने दी सूचना

मृतक के चाचा सीताराम राम ने बताया कि सुबह करीब चार बजे एक बच्चे ने गांव में आकर घटना की सूचना दी। मौके पर पहुंचने पर अमरनाथ राम और उनकी तीन बेटियों के शव फंदे से लटके मिले। उन्होंने बताया कि मृतक की आर्थिक स्थिति बेहद कमजोर थी और राशन के सहारे किसी तरह परिवार चल रहा था। घटना की सूचना मिलते ही सकरा थाना पुलिस और एफएसएल की टीम मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। इस घटना के बाद गांव में शोक का माहौल है।

# दो करोड़ की स्मैक के साथ तीन अंतरराज्यीय तस्कर गिरफ्तार

**चंपावत।** नशा तस्करी के खिलाफ चंपावत पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। एसओजी, बनबसा पुलिस और एसटीएफ कुमाऊं की संयुक्त टीम ने 799 ग्राम स्मैक (हेरोइन) के साथ तीन अंतरराज्यीय तस्करों को गिरफ्तार किया है। बरामद नशीले पदार्थ की अंतरराष्ट्रीय बाजार में अनुमानित कीमत करीब दो करोड़ रुपये आंकी गई है। पुलिस के अनुसार यह कार्रवाई खटीमा-टनकपुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्ट्रांग फार्म के पास देर रात चेकिंग के दौरान की गई। बिना नंबर प्लेट की पल्सर मोटरसाइकिल को रोककर तलाशी लेने पर तीनों आरोपियों के पास से अलग-अलग मात्रा में स्मैक बरामद हुई।



### यूपी के रहने वाले हैं सभी आरोपी

गिरफ्तार अभियुक्तों की पहचान उत्तर प्रदेश के लखीमपुर खीरी जिले के निवासी सूरजदीप सिंह, करनैल सिंह और गुरमीत सिंह उर्फ मिता के रूप में हुई है। पुलिस ने इनके कब्जे से एक मोटरसाइकिल, तीन मोबाइल फोन और नकद राशि भी जब्त की है। पुलिस अधीक्षक अजय गणपति ने बताया कि यह कार्रवाई मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के 'ड्रग्स फ्री देवभूमि' अभियान के तहत की गई है।

# कंटेनर ने यात्री बस को मारी टक्कर, किशोर की मौत

**पूर्वांचल एक्सप्रेसवे पर हुआ हादसा, आधा दर्जन यात्री घायल**

आजमगढ़। पूर्वांचल एक्सप्रेसवे पर सोमवार सुबह तेज रफ्तार कंटेनर ने सड़क किनारे खड़ी यात्री बस को पीछे से टक्कर मार दी। हादसे में एक किशोर की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि छह यात्री घायल हो गए। चार घायलों की हालत गंभीर बताई जा रही है। यह दुर्घटना अहरौला थाना क्षेत्र के समशाबाद गांव के पास माइल स्टोन 207 पर सुबह करीब सात बजे हुई। राजस्थान से बलिया जा रही निजी बस यात्रियों के ठहराव के दौरान सड़क किनारे खड़ी थी। इसी दौरान तेज गति से आए कंटेनर ने बस में जोरदार टक्कर मार दी, जिससे बस डिवाइडर से टकराकर करीब 50 मीटर तक घिसटती चली गई।




हादसे में लघुशंका के लिए उतरे 18 वर्षीय दीपक चौहान की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर यूपीडा और पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और घायलों को उपचार के लिए सीएचसी अहरौला भेजा गया। प्राथमिक उपचार के बाद चार गंभीर घायलों को जिला अस्पताल रेफर किया गया है।

## सड़क हादसों में आधा दर्जन की मौत, कई घायल

लखनऊ/बाराबंकी/फतेहपुर/औरैया/प्रयागराज। उत्तर प्रदेश में अलग-अलग जिलों में हुए सड़क हादसों में छह लोगों की मौत हो गई, जबकि कई अन्य गंभीर रूप से घायल हुए हैं। बाराबंकी में मसौली थाना क्षेत्र के बिरौली गांव के पास अज्ञात वाहन की टक्कर से कार सवार मां-बेटे की मौके पर मौत हो गई, जबकि महिला गंभीर घायल हो गई। हादसे के बाद लखनऊ-गोंडा राष्ट्रीय राजमार्ग पर जाम लग गया। पुलिस सीसीटीवी की मदद से वाहन की तलाश कर रही है। फतेहपुर जिले में कोहरे के कारण नीलगाय से टकराकर ट्रैक्टर पलट गया, जिससे चालक की दबकर मौत हो गई। शव पोस्टमार्टम के




लिए भेज दिया गया है। औरैया में बुंदेलखंड एक्सप्रेस-वे की सर्विस रोड पर तेज रफ्तार वेगनआर ने ऑटो में टक्कर मार दी। हादसे में ऑटो चालक की मौत हो गई। घटना के बाद ग्रामीणों ने हंगामा किया। पुलिस ने कार को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। प्रयागराज के कीडगंज क्षेत्र में विक्रम पलटने से चालक की मौत हो गई। घायल चालक को अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया।

# व्यापार जगत

## महंगाई से राहत

# थोक महंगाई दर 0.32 फीसदी पर

**नई दिल्ली।** महंगाई के मोर्चे पर आम आदमी को मामूली राहत मिली है। नवंबर महीने में थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआई) पर आधारित थोक महंगाई दर में बढ़त देखने को मिली है। इस दौरान थोक महंगाई घटकर (-) 0.32 फीसदी पर आ गई, जबकि अक्टूबर में यह (-) 1.21 फीसदी पर थी। नवंबर, 2024 में 2.16 फीसदी रही थी। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने सोमवार को बताया कि खाद्य पदार्थों, खनिज तेलों, कच्चे पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस, बुनियादी धातुओं के उत्पादन और बिजली आदि की कीमतों में कमी इसकी मुख्य वजह रही। आंकड़ों के अनुसार नवंबर में खाद्य पदार्थों की महंगाई दर 4.16 फीसदी रही, जबकि अक्टूबर में यह 8.31 फीसदी थी। सब्जियों की महंगाई दर 20.23 फीसदी रही, जो अक्टूबर में 34.97 फीसदी थी।

### दाल, आलू, प्याज की कीमतें घटीं मुश्किलें

आंकड़ों के मुताबिक दालों की कीमतों में नवंबर में 15.21 फीसदी की कमी आई, जबकि आलू तथा प्याज की कीमतें क्रमशः 36.14 फीसदी और 64.70 फीसदी घटीं। इसके अलावा विनिर्मित उत्पादों के मामले में नवंबर में महंगाई घटकर 1.33 फीसदी हो गई, जबकि अक्टूबर में यह 1.54 फीसदी थी। इस दौरान ईंधन तथा बिजली की कीमतों की महंगाई दर 2.27 फीसदी रही, जो अक्टूबर में 2.55 फीसदी थी।



### इसी माह RBI ने घटाया था रेपो रेट

पिछले हफ्ते जारी आंकड़ों के मुताबिक खाद्य पदार्थों की बढ़ती कीमतों के कारण नवंबर में उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) पर आधारित खुदरा महंगाई दर मामूली वृद्धि के साथ रिकॉर्ड निचले स्तर 0.25 फीसदी से बढ़कर 0.71 फीसदी पर पहुंच गई। रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) ने इस महीने की शुरुआत में नीतिगत दर रेपो रेट को 0.25 फीसदी घटाकर 5.25 फीसदी कर दिया था।

# 66 हजार करोड़ बढ़ी निवेशकों की संपत्ति

- निचले स्तर से संभला शेयर बाजार
- मामूली गिरावट के साथ सेंसेक्स-निफ्टी बंद

नई दिल्ली। घरेलू शेयर बाजार सोमवार को उतार-चढ़ाव भरे कारोबार के बाद मामूली गिरावट के साथ बंद हुआ। शुरुआती सत्र में बिकवाली के दबाव से सेंसेक्स और निफ्टी दोनों सूचकांक फिसल गए, लेकिन बाद में आई खरीदारी से बाजार ने निचले स्तर से अच्छी रिकवरी दिखाई। अंत में सेंसेक्स 0.06 प्रतिशत और निफ्टी 0.08 प्रतिशत की गिरावट के साथ लाल निशान में बंद हुए। कारोबार के दौरान आईटी, एफएमसीजी और कंज्यूमर ड्यूरेबल्स शेयरों में लगातार खरीदारी देखने को मिली। बैंकिंग, कैपिटल गुड्स, मेटल, ऑयल एंड गैस, पीएसई और टेक इंडेक्स भी बढ़त के साथ बंद हुए। वहीं टेलीकॉम, ऑटो और हेल्थकेयर शेयरों में दबाव बना रहा।




### कंपनियों की पूंजी में भी इजाफा

बाजार में सीमित गिरावट के बावजूद मिडकैप और स्मॉलकैप शेयरों में खरीदारी से निवेशकों को फायदा हुआ। बीएसई में सूचीबद्ध कंपनियों का कुल बाजार पूंजीकरण बढ़कर 470.95 लाख करोड़ रुपये (अनंतिम) पहुंच गया, जो पिछले कारोबारी सत्र की तुलना में करीब 66 हजार करोड़ रुपये अधिक है। कारोबार के आंकड़ों पर नजर डालें तो बीएसई में 4,449 शेयरों में ट्रेडिंग हुई, जिनमें 2,239 शेयर बढ़त और 2,031 शेयर गिरावट के साथ बंद हुए। एनएसई में 2,851 शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 1,488 शेयर हरे और 1,363 शेयर लाल निशान में रहे। सेंसेक्स के 30 में से 14 शेयर बढ़त जबकि 16 शेयर गिरावट के साथ बंद हुए।

### 375 अंक टूटा सेंसेक्स

सेंसेक्स दिन में 375 अंक टूटकर 84,891 के स्तर पर खुला और उतार-चढ़ाव के बाद 54.30 अंक की गिरावट के साथ 85,213.36 पर बंद हुआ। वहीं निफ्टी 19.65 अंक फिसलकर 26,027.30 के स्तर पर बंद हुआ। आज के कारोबार में इंटरग्लोब एविएशन, हिंदुस्तान यूनिलीवर, श्रीराम फाइनेंस, ट्रेंट और टाटा कंज्यूमर प्रोडक्ट्स प्रमुख लाभ में रहे, जबकि महिंद्रा एंड महिंद्रा, आयशर मोटर्स, ओएनजीसी, जेएसडब्ल्यू स्टील और बजाज ऑटो में सबसे अधिक गिरावट दर्ज की गई।


# BHEL ने सौंपा 109 करोड़ का लाभांश

**नई दिल्ली।** भारतीय शेयर बाजार से विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) की निकासी का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। दिसंबर के पहले दो हफ्तों में एफपीआई ने करीब 17,955 करोड़ रुपये की शुद्ध बिकवाली की है। इसके साथ ही वर्ष 2025 में अब तक विदेशी निवेशकों की कुल निकासी बढ़कर लगभग 1.6 लाख करोड़ रुपये तक पहुंच गई है। नेशनल सिक्योरिटीज डिपॉजिटरी लिमिटेड (एनएसडीएल) के आंकड़ों के अनुसार, एक से 12 दिसंबर के बीच विदेशी निवेशकों ने भारतीय इक्विटी बाजार से भारी पूंजी निकाली। इससे पहले नवंबर में भी एफपीआई ने 3,765 करोड़ रुपये की शुद्ध बिकवाली की थी।

# नवंबर में 38.13 अरब डॉलर पहुंचा निर्यात

- सालाना निर्यात में 19.37% की बढ़ोत्तरी, आयात में 1.88 प्रतिशत की गिरावट

**नई दिल्ली।** देश के विदेशी व्यापार मोर्चे पर नवंबर माह में उत्साहजनक संकेत मिले हैं। इस दौरान भारत का निर्यात सालाना आधार पर 19.37 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 38.13 अरब अमेरिकी डॉलर पर पहुंच गया, जबकि आयात में 1.88 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई और यह 62.66 अरब अमेरिकी डॉलर रहा। नवंबर में व्यापार घाटा 24.53 अरब अमेरिकी डॉलर रहा। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय की ओर से जारी आंकड़ों के अनुसार नवंबर में निर्यात में आई यह तेज बढ़ोतरी उल्लेखनीय है। वाणिज्य सचिव राजेश अग्रवाल ने कहा कि नवंबर का निर्यात इस वर्ष अक्टूबर में हुई गिरावट की भरपाई करने में सफल रहा है।



आंकड़ों के मुताबिक चालू वित्त वर्ष में अप्रैल से नवंबर के बीच देश का कुल निर्यात 2.62 प्रतिशत बढ़कर 292.07 अरब अमेरिकी डॉलर हो गया, जबकि इसी अवधि में आयात 5.59 प्रतिशत की बढ़त के साथ 515.21 अरब अमेरिकी डॉलर रहा।

# आईपीओ लाने की तैयारी में रेनी स्ट्रिप्स

**सेबी के पास डीआरएचपी दाखिल**

**नई दिल्ली।** स्ट्रक्चरल स्टील प्रोडक्ट्स बनाने वाली लुधियाना की कंपनी रेनी स्ट्रिप्स लिमिटेड ने पूंजी बाजार में उतरने की दिशा में कदम बढ़ा दिया है। कंपनी ने अपने आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के लिए भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) के समक्ष ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस (डीआरएचपी) दाखिल किया है। दस्तावेजों के अनुसार कंपनी आईपीओ के जरिए 300 करोड़ रुपये तक के इक्विटी शेयरों का फ्रेश इश्यू लाएगी, जबकि मौजूदा शेयरधारकों द्वारा 1.20 करोड़ इक्विटी शेयरों का ऑफर फॉर सेल (ओएफएस) भी किया जाएगा। यह निर्गम बुक बिल्डिंग प्रक्रिया के तहत लाया जाएगा।




कंपनी ने बताया कि इस निर्गम के लिए पैंटोमैथ कैपिटल एडवाइजर्स प्राइवेट लिमिटेड को एकमात्र बुक रनिंग लीड मैनेजर नियुक्त किया गया है।

# तमिलनाडु और असम चुनाव के लिए बीजेपी ने कसी कमर

- पीयूष गोयल तमिलनाडु व बैजयंत पांडा असम में भाजपा के चुनाव प्रभारी होंगे
- पांडा को तमिलनाडु से हटाकर असम भेजा, तमिलनाडु में मेघवाल को भी जोड़ा

एजेंसी | नई दिल्ली

भाजपा ने तमिलनाडु व असम के विधानसभा चुनावों के लिए प्रभारियों व सह प्रभारियों की घोषणा कर दी है। केंद्रीय मंत्री पियूष गोयल को तमिलनाडु का चुनाव प्रभारी बनाया गया है, जबकि तमिलनाडु में अभी तक चुनाव प्रभारी की भूमिका निभा रहे बैजयंत पांडा को असम का चुनाव प्रभारी बनाया गया है। तमिलनाडु में मौजूदा सह प्रभारी मुरलीधर मोहोल के साथ केंद्रीय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल को जोड़ा गया है।




### असम 2021 चुनाव में NDA ने 75 सीटें जीती थीं

असम विधानसभा में कुल 126 सीटें हैं और इन सभी पर चुनाव होंगे। 2021 के चुनाव में भाजपा-नेता हिमंता बिस्वा सरमा की पार्टी और उसके सहयोगी NDA ने 75 सीटें जीतकर सरकार बनाई थी, जबकि कांग्रेस-मिले हुए विपक्ष को लगभग 50 सीटें मिली थीं और बाकी छोटी पार्टियाँ थीं। इन नतीजों के बाद सरमा मुख्यमंत्री बने। अब 2026 में सभी 126 सीटों के लिए फिर से जनता मतदान करेगी और पार्टियां जीत-हार के लिए तैयारी कर रही हैं।

### तमिलनाडु में डीएमके को मिली थी 159 सीटों पर जीत

तमिलनाडु में कुल 234 विधानसभा सीटें है। 2021 विधानसभा चुनाव में कांग्रेस और DMK ने गठबंधन कर चुनाव लड़ा था। कांग्रेस ने 25 सीटों पर चुनाव लड़ा था और 18 पर जीत हासिल की थी। वहीं DMK ने 159 सीटें जीती थीं। इस जीत के साथ 10 साल बाद DMK की सत्ता में वापसी हुई थी और एमके स्टालिन पहली बार मुख्यमंत्री बने थे। वहीं, पिछले साल हुए लोकसभा चुनाव में भी कांग्रेस-DMK गठबंधन ने तमिलनाडु की सभी 39 सीटों पर जीत दर्ज की। इनमें से कांग्रेस ने 9 सीटें जीती थीं।

### अगले साल होने वाले पांच विधानसभा चुनावों पर है भाजपा का फोकस

भाजपा का पूरे फोकस अब अगले साल होने वाले पांच विधानसभा चुनावों पर है। उसने असम के लिए अपने चुनाव प्रभारियों व सह प्रभारियों की घोषणा की है, जबकि तमिलनाडु में चुनाव प्रभारियों की टीम में बदलाव किया है। तमिलनाडु में चुनावी रणनीति की कमान केंद्रीय मंत्री पियूष गोयल को सौंपी गई है। उनके साथ केंद्रीय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल और मुरलीधर मोहोल को सह-प्रभारी बनाया गया है। असम में सांसद व उपाध्यक्ष बैजयंत पांडा को चुनाव प्रभारी और जम्मू-कश्मीर विधानसभा में विपक्ष के नेता सुनील कुमार शर्मा और पूर्व केंद्रीय मंत्री दर्शना बेन जरदोश को सह-प्रभारी नियुक्त किया गया है।


# बदल जाएगा पूरा एजुकेशन सिस्टम

- 'विकसित भारत शिक्षा बिल' संसद में हुआ पेश
- जेपीसी को भेजने का फैसला
- विधेयक में है विश्वविद्यालयों को स्वतंत्र स्व-शासन वाले संस्थान बनाने का प्रावधान

एजेंसी | नई दिल्ली

लोकसभा में सोमवार को शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने विश्वविद्यालयों और अन्य उच्च शिक्षण संस्थानों को स्व-शासित एवं अधिक स्वतंत्र बनाने से जुड़े विकसित भारत शिक्षा अधिष्ठान, 2025 विधेयक को पेश किया। विधेयक के माध्यम से उच्च शिक्षा, अनुसंधान, वैज्ञानिक और तकनीकी संस्थानों में मानकों के निर्धारण व समन्वय को सरल बनाने तथा शिक्षण, सीखने, अनुसंधान और नवाचार में उत्कृष्टता लाने का उद्देश्य बताया गया।

### विपक्ष का विरोध, स्वायत्तता पर सवाल



विधेयक पर विपक्षी दलों ने कड़ा विरोध दर्ज कराया। कांग्रेस सांसद मनीष तिवारी ने इसे शिक्षण संस्थानों की स्वायत्तता का उल्लंघन बताते हुए कहा कि इससे राज्य कानूनों के तहत स्थापित संस्थानों की स्वतंत्रता प्रभावित होगी। आरएसपी के एन के प्रेमचंद्रन, तृणमूल कांग्रेस के सौगत राय, कांग्रेस की एस. जोतिमणि और द्रमुक के टी. वी. सेल्वागणपति ने भी विधेयक का विरोध किया। जोतिमणि और सेल्वागणपति ने आरोप लगाया कि यह तमिलनाडु जैसे राज्यों पर हिंदी थोपने और शक्तियों के पृथक्करण के सिद्धांत का उल्लंघन करने का प्रयास है।

### संयुक्त समिति को भेजने का सरकार का प्रस्ताव

विपक्ष की आपत्तियों पर संसदीय कार्य मंत्री किरण रिजिजू ने कहा कि सदस्यों की आशंकाएं उचित नहीं हैं, लेकिन चूंकि विधेयक पर विरोध हो रहा है, इसलिए सरकार इसे संसद की संयुक्त समिति को भेजने का अनुरोध कर रही है। इससे पहले शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने स्पष्ट किया कि इस विधेयक का उद्देश्य विकसित भारत शिक्षा अधिष्ठान का गठन कर उच्च शिक्षण संस्थानों को अधिक प्रभावी, स्वायत्त और पारदर्शी बनाना तथा मान्यता और गुणवत्ता के उच्च मानकों को बढ़ावा देना है।

## न्यूज़ ब्रीफ

### शोएब और नसीर की एनआईए हिरासत चार दिन बढ़ी

**नई दिल्ली।** लालकिले के पास धमाके से जुड़े मामले में पटियाला हाउस कोर्ट ने सोमवार को आरोपी शोएब और डॉक्टर नसीर बिलाल मल्ला की एनआईए हिरासत चार दिन और बढ़ा दी। दोनों आरोपियों को कोर्ट में कड़ी सुरक्षा के बीच पेश किया गया। फरीदाबाद निवासी शोएब की दस दिन की हिरासत अवधि समाप्त होने पर कोर्ट में पेश किया गया। वहीं, जम्मू-कश्मीर के बारामूला जिले के रहने वाले डॉक्टर नसीर बिलाल की सात दिन की हिरासत भी सोमवार को समाप्त हो गई थी। एनआईए की मांग पर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश अंजू बजाज चांदना की कोर्ट ने हिरासत अवधि बढ़ाने का आदेश दिया।

### ईडी ने यस बैंक के को-फाउंडर राणा कपूर से की पूछताछ

नई दिल्ली। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने सोमवार को यस बैंक के सह-संस्थापक राणा कपूर से अनिल अंबानी समूह की कंपनियों के खिलाफ चल रही मनी लान्ड्रिंग जांच के तहत पूछताछ की। अधिकारियों के अनुसार, कपूर का बयान मनी लान्ड्रिंग (पीएमएलए) के तहत दर्ज किया गया। उस समय के ऋणों के अवैध वितरण से जुड़े 68 वर्षीय राणा कपूर को ईडी द्वारा अलग-अलग मनी लान्ड्रिंग मामलों में गिरफ्तार किया गया था, जब वह यस बैंक का नेतृत्व कर रहे थे। ईडी के अधिकारियों ने कहा कि उन्हें इस मामले में कपूर और अंबानी के बीच "क्विड प्रो क्वो" (किसी चीज के बदले में कुछ और देने) का संदेह है। अधिकारियों के अनुसार, यस बैंक का अनिल अंबानी समूह (एडीएजी समूह) के प्रति 31 मार्च, 2017 तक लगभग 6,000 करोड़ रुपये का एक्सपोजर था और यह आंकड़ा एक वर्ष के भीतर (31 मार्च, 2018 तक) 13,000 करोड़ रुपये तक दोगुना हो गया।

### श्रेयस तलपडे, आलोक नाथ को गिरफ्तारी से राहत

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने एक संस्था के खिलाफ धोखाधड़ी और विश्वासघात के मामले में जांच पूरी होने तक अभिनेता श्रेयस तलपडे और आलोक नाथ को गिरफ्तारी से सोमवार को सुरक्षा प्रदान की। जस्टिस बीवी नागरत्ना और जस्टिस आर महादेवन की पीठ के समक्ष सुनवाई के दौरान तलपडे के वकील ने कहा कि अभिनेता को कंपनी के वार्षिक कार्यक्रम में अतिथि के रूप में बुलाया गया था। वकील ने कहा, उन्होंने इसके लिए कभी कोई पैसा नहीं कमाया। सोनीपत निवासी 37 वर्षीय विपुल अंतिल की शिकायत पर तलपडे और नाथ समेत 13 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया था।

# मोदी तीन देशों की यात्रा के पहले चरण में जॉर्डन पहुंचे

**अम्मान।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सोमवार को तीन देशों की यात्रा के पहले चरण में दो दिवसीय दौरे पर जॉर्डन की राजधानी अम्मान पहुंचे। हवाईअड्डे पर जॉर्डन के प्रधानमंत्री जाफर हसन ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। यह यात्रा किंग अब्दुल्ला द्वितीय बिन अल हुसैन के निमंत्रण पर हो रही है और इसका उद्देश्य भारत-जॉर्डन के द्विपक्षीय संबंधों को और मजबूत बनाना है। यह भारत और जॉर्डन के बीच राजनयिक संबंधों की स्थापना के 75 वर्ष पूरे होने के अवसर पर प्रधानमंत्री मोदी की पहली द्विपक्षीय यात्रा भी है। प्रधानमंत्री मोदी ने अम्मान पहुंचने के बाद सोशल मीडिया पर लिखा कि उन्हें विश्वास है यह यात्रा दोनों देशों



के रिश्तों को नई गति देगी। होटल पहुंचने पर भारतीय समुदाय के लोगों ने उनका स्वागत किया, जहां स्थानीय कलाकारों ने भारतीय पारंपरिक नृत्य प्रस्तुत किए।

### भारत-जॉर्डन व्यापार कार्यक्रम में शामिल होंगे प्रधानमंत्री मोदी

किंग अब्दुल्ला द्वितीय के साथ एकल और प्रतिनिधिमंडल स्तर की बातचीत करेंगे। दोनों नेता भारत-जॉर्डन संबंधों के सभी पहलुओं की समीक्षा करेंगे और क्षेत्रीय मुद्दों पर भी विचार-विमर्श करेंगे। मंगलवार को प्रधानमंत्री भारत-जॉर्डन व्यापार कार्यक्रम को संबोधित करेंगे। 16 को इथोपिया और 17 को ओमान जाएंगे जॉर्डन के बाद प्रधानमंत्री मोदी 16 से 17 दिसंबर तक इथोपिया जाएंगे, जहां वे प्रधानमंत्री डॉ. अबी अहमद अली से मुलाकात करेंगे और संसद के संयुक्त सत्र को संबोधित करेंगे।

पहलगाम आतंकी हमला

# एनआईए ने दाखिल की 1597 पन्नों की चार्जशीट

## पाकिस्तानी आतंकी संगठन एलईटीटी और टीआरएफ के नाम शामिल

एजेंसी | नई दिल्ली

राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने सोमवार को पहलगाम आतंकी हमले के मामले में सात आरोपियों के खिलाफ आरोपपत्र दाखिल किया है। इसमें पाकिस्तान स्थित आतंकी संगठन 'लश्कर-ए-तैयबा' (एलईटीटी)/द रेजिस्टेंस फ्रंट (टीआरएफ) के सदस्य भी शामिल हैं। आरोपपत्र में पाकिस्तान की साजिश, आरोपियों की भूमिका और मामले से जुड़े सहायक सबूतों का विस्तृत विवरण दिया गया है। राष्ट्रीय जांच एजेंसी की चार्जशीट में प्रतिबंधित आतंकी संगठन 'लश्कर-ए-तैयबा'/'टीआरएफ' को पहलगाम हमले की योजना बनाने, उसमें सहयोग करने और उसे अंजाम देने में उसकी भूमिका के लिए एक कानूनी इकाई के रूप में आरोपित किया गया है।




### चार्जशीट में इन आतंकियों के नाम

सोमवार को जम्मू स्थित एनआईए विशेष न्यायालय में दायर 1,597 पृष्ठों के आरोपपत्र में पाकिस्तानी हैंडलर आतंकवादी साजिद जट्ट का नाम भी आरोपी के रूप में शामिल है। एनआईए के आरोपपत्र में उन तीन पाकिस्तानी आतंकवादियों के नाम भी हैं जो घातक आतंकी हमले के कुछ हफ्तों बाद जुलाई 2025 में श्रीनगर के दाचीगाम में ऑपरेशन महादेव के दौरान भारतीय सुरक्षा बलों द्वारा मारे गए थे। तीनों की पहचान फैसल जट्ट उर्फ सुलेमान शाह, हबीब ताहिर उर्फ जिब्रान और हमजा अफगानी के रूप में हुई है। लश्कर-ए-तैयबा/टीआरएफ और उपर्युक्त चारों आतंकवादियों पर भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस), 2023, शस्त्र अधिनियम, 1959 और गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम, 1967 की संबंधित धाराओं के तहत आरोप लगाए गए हैं। एनआईए ने चार्जशीट में आरोपियों के खिलाफ भारत के विरुद्ध युद्ध छेड़ने के लिए भी दंडात्मक धाराओं का प्रयोग किया है।

### 8 महीने की जांच में सामने आए कई अहम सबूत

एनआईए ने पिछले लगभग 8 महीनों तक चली गहन वैज्ञानिक जांच के माध्यम से मामले आरसी-02/2025/एनआईए/जेएमयू में साजिश का पता पाकिस्तान से लगाया है, जो भारत के विरुद्ध आतंकवाद को लगातार प्रायोजित कर रहा है। आतंकवादियों को पनाह देने के आरोप में एनआईए द्वारा 22 जून 2025 को गिरफ्तार किए गए दो आरोपियों परवेज अहमद और बशीर अहमद जोथड़ के खिलाफ भी आरोपपत्र दाखिल किया गया है। पूछताछ के दौरान, दोनों व्यक्तियों ने हमले में शामिल तीन सशस्त्र आतंकवादियों की पहचान का खुलासा किया था। उन्होंने यह भी पुष्टि की थी कि वे प्रतिबंधित

धनशोधन मामला

# गुजरात के पत्रकार को शीर्ष कोर्ट से मिली अंतरिम जमानत



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को गुजरात के पत्रकार महेश लांगा को धनशोधन मामले में अंतरिम जमानत दी। यह अहमदाबाद में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की ओर से दर्ज कथित वित्तीय धोखाधड़ी से जुड़ा मामला है। चीफ जस्टिस (सीजेआई) सूर्यकांत तथा जस्टिस जॉयमाल्या बागची और जस्टिस विपुल एम पंचोली की बेंच ने विशेष अदालत को इस मामले में रोजाना सुनवाई करने का आदेश दिया और पत्रकार से कहा कि वह सुनवाई के दौरान कोई तारीख बढ़ाने (स्टे) की मांग न करें। शीर्ष कोर्ट ने लांगा को यह भी निर्देश दिया कि वह अपने खिलाफ चल रहे इस विचाराधीन मामले पर अखबार में कोई लेख न लिखें। बेंच ने कहा कि अगर आदेश का उल्लंघन किया गया तो जमानत रद्द करने पर विचार किया जा सकता है।

### ईडी ने किया जमानत का विरोध

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की ओर से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता पेश हुए। उन्होंने जमानत का विरोध करते हुए कहा कि किसी पत्रकार द्वारा पैसे की उगाही करना एक गंभीर अपराध है और उसे जमानत नहीं दी जानी चाहिए। वहीं, पत्रकार की ओर से वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल ने कोर्ट में पक्ष रखा। बेंच ने अब इस मामले की अगली सुनवाई छह जनवरी को तय की है। ईडी को लांगा की जमानत की शर्तों के पालन पर स्थिति रिपोर्ट दाखिल करनी होगी।


इस मामले में अभी आरोप तय नहीं हुए हैं और ईडी ने नौ लोग गवाह बनाए हैं। इससे पहले 31 जुलाई को गुजरात हाईकोर्ट ने यह कहते हुए लांगा की जमानत याचिका खारिज कर दी थी कि जमानत मिलने से अभियोजन पक्ष के मामले को नुकसान पहुंच सकता है। ईडी ने 25 फरवरी को बताया था कि उसने कथित वित्तीय धोखाधड़ी से जुड़े धनशोधन मामले में की जांच के तहत लांगा को गिरप्तार किया है। इससे पहले उन्हें अक्तूबर 2024 में जीएसटी धोखाधड़ी के एक मामले में गिरफ्तार किया गया था।

# परमाणु ऊर्जा क्षेत्र में निजी भागीदारी देने संबंधी विधेयक पेश



**नई दिल्ली।** सरकार ने परमाणु ऊर्जा क्षेत्र में निजी भागीदारी की अनुमति देने संबंधी विधेयक सोमवार को लोकसभा में पेश किया। विधेयक का उद्देश्य परमाणु क्षति के लिए एक व्यावहारिक नागरिक दायित्व व्यवस्था बनाना और परमाणु ऊर्जा नियामक बोर्ड को वैधानिक दर्जा प्रदान करना है। कांग्रेस और तृणमूल कांग्रेस के सदस्यों ने विधेयक पेश करने को लेकर आपत्ति जताई है। परमाणु ऊर्जा राज्य मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने भारत के रूपांतरण के लिए नाभिकीय ऊर्जा का संधारणीय दोहन और अभिवर्द्धन (शांति) विधेयक, 2025 को सदन में पेश किया, जिस पर विपक्षी सदस्यों ने शोरगुल किया। विधेयक का उद्देश्य परमाणु ऊर्जा अधिनियम, 1962 और परमाणु क्षति के लिए नागरिक दायित्व अधिनियम, 2010 को निरस्त करना है।

# उत्तर प्रदेश से पकड़ा गया गैंगस्टर सुभाष ठाकुर



**फूलपुर।** मीरा-भायंदर पुलिस को बड़ी कामयाबी मिली है। उसने अंडरवर्ल्ड डॉन दाऊद दाऊद इब्राहिम गैंग से जुड़े गैंगस्टर सुभाष सिंह ठाकुर गिरफ्तार कर लिया है। ठाकुर की गिरफ्तारी उत्तर प्रदेश से हुई है। सुभाष ठाकुर को बिल्डर समय चौहान हत्याकांड में गिरफ्तार किया गया है। जानकारी के मुताबिक मीरा-भायंदर पुलिस ने कुख्यात गैंगस्टर सुभाष सिंह ठाकुर को उत्तर प्रदेश से गिरफ्तार किया है। सुभाष सिंह दाऊद इब्राहिम गैंग से जुड़ा रहा है। उस पर बिल्डर समय चौहान की हत्या का आरोप है।दरअसल मुंबई से सटे विरार में 26 फरवरी 2022 को बिल्डर समय चौहान की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी।

### लंबे समय से फतेहपुर जेल में बंद था सुभाष सिंह

बताया जा रहा है कि सुभाष सिंह ठाकुर लंबे समय से फतेहपुर जेल में बंद था और जेल के अंदर से ही अपने आपराधिक नेटवर्क और गैंग को ऑपरेट कर रहा था। गैंगस्टर सुभाष सिंह मुंबई के जेजे शूटआउट केस में मुख्य आरोपी रहा है। सुभाष सिंह दाऊद इब्राहिम का बेहद खास माना जाता था। दाऊद इब्राहिम की बहन के पति इस्माइल इब्राहिम पारकर की हत्या के बाद उसने दाऊद के कहने पर उस हत्या में शामिल आरोपियों को मरवाया दिया था। इसी वजह से सुभाष सिंह ठाकुर को दाऊद का भरोसेमंद और करीबी माना जाता रहा है।

एफएसएसएआई | अंडों में नाइट्रोफ्यूरॉन की जांच का आदेश, देशभर से लिए जाएंगे सैंपल

# संडे हो या मंडे, बिलकुल न खाएं अंडे!

**नई दिल्ली।** भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) ने अंडों में नाइट्रोफ्यूरान नाम के प्रतिबंधित रसायन की मौजूदगी की जांच के लिए देशभर में नमूने एकत्र करने के निर्देश जारी किए हैं। एफएसएसएआईने यह कदम इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित हुई एक रिपोर्ट और वीडियो के बाद उठाया है, जिसमें दावा किया गया था कि बाजार में बिक रहे कुछ अंडों में प्रतिबंधित एंटीबायोटिक नाइट्रोफ्यूरॉन समूह की दवाओं के अवशेष पाए गए हैं। नाइट्रोफ्यूरॉन ऐसी एंटीबायोटिक दवाओं का समूह है, जिनका उपयोग भारत सहित कई देशों में खाद्य-उत्पादक पशुओं और पोल्ट्री में पूरी तरह प्रतिबंधित है। इन दवाओं के अवशेष लंबे समय तक अंडों और शरीर में बने रह सकते हैं, जिससे स्वास्थ्य पर गंभीर दुष्प्रभाव पड़ने की आशंका जताई जाती है।



### एफएसएसएआई की जांच में क्या आया?

अब तक खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) की ओर से कोई आधिकारिक जांच रिपोर्ट सार्वजनिक नहीं की गई है। प्राधिकरण ने स्पष्ट किया है कि फिलहाल केवल नमूना संग्रह और परीक्षण की प्रक्रिया चल रही है। अंतिम परिणाम आने के बाद ही यह तय किया जाएगा कि अंडों में नाइट्रोफ्यूरॉन या उससे जुड़े अवशेष पाए गए हैं या नहीं।

### सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के अधिकारियों को निर्देश

खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) ने अपने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वे ब्रांडेड और बिना ब्रांड वाले दोनों प्रकार के अंडों के नमूने एकत्र करें। इन नमूनों को देश की मान्यता प्राप्त प्रयोगशालाओं में जांच के लिए भेजा जाएगा, ताकि यह स्पष्ट हो सके कि अंडों में किसी भी स्तर पर प्रतिबंधित रसायन मौजूद हैं या नहीं। यह पूरा मामला एक प्रीमियम अंडा ब्रांड से जुड़े वायरल दावों के बाद चर्चा में आया। हालांकि संबंधित कंपनी ने इन आरोपों को खारिज करते हुए कहा है कि उसके अंडे भारतीय खाद्य सुरक्षा मानकों के अनुरूप हैं।










बीएमसी मनपा चुनाव

बीएमसी में 27 अगस्त 2022 को जनप्रतिनिधियों का कार्यकाल समाप्त होने के करीब 40 महीने बाद चुनाव का ऐलान हो गया है। मुंबई में आखिरी बार चुनाव 2017 में हुए थे। निर्वाचित बॉडी का कार्यकाल 2022 में खत्म हो गया था। राज्य चुनाव आयोग ने मतदान की तारीख 15 जनवरी 2026 घोषित की है, जिससे पूरे शहर में चुनावी सरगर्मी और राजनीतिक हलचल तेज हो गई है। मुंबई में राजनीतिक गठबंधनों की तस्वीर भी स्पष्ट हो रही है। महायुति के दल BJP, शिवसेना और NCP एक साथ मिलकर चुनाव लड़ने के लिए पूरी तरह तैयार है। हालांकि, विपक्षी महा विकास आघाड़ी (MVA) महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (MNS) के साथ संभावित गठबंधन को लेकर उलझन में है। जहां शिवसेना (यूबीटी) मनसे के साथ मिलकर चुनाव लड़ना चाहती है, वहीं कांग्रेस उत्तर भारतीय वोटों के संभावित नुकसान के डर से आशंकित है।

# कौन होगा मुंबई का धुरंधर?

कुल सीटें **227**

बहुमत **114**

**1 करोड़ 3 लाख मतदाता करेंगे फैसला**

**29 नगरपालिकाओं के एक तिहाई मतदाता अकेले मुंबई में हैं**

धीरज सिंह | मुंबई

मुंबई नगर निगम चुनाव के लिए मतदाता सूची को अंतिम रूप दे दिया गया है और इस साल के चुनाव में 1 करोड़ 3 लाख मतदाता यह तय करेंगे कि मुंबई नगर निगम में सत्ताधारी दल कौन होगा। हालांकि 29 नगरपालिकाओं के लिए 3 करोड़ 48 लाख मतदाता हैं, लेकिन उनमें से लगभग एक तिहाई अकेले मुंबई में हैं। राज्य निर्वाचन आयोग ने स्थानीय निकाय चुनावों के लिए 1 जुलाई तक की मतदाता सूची को ही मान्य मानने का निर्णय लिया है। स्थानीय निकाय चुनावों के लिए अलग से मतदाता सूची तैयार नहीं की जाती है। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा तैयार की गई मतदाता सूची का ही उपयोग किया जाता है। हालांकि, 1 जुलाई तक की विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रवार सूची का मसौदा वार्डवार सूची में विभाजित करके प्रकाशित किया गया था। इस पर आपत्तियों और सुझावों के बाद, अब इस सूची को अंतिम रूप दे दिया गया है। मतदान केंद्रवार सूची प्रकाशित करने के लिए 27 दिसंबर तक का समय दिया गया है।

## 1.2 लाख मतदाताओं की संख्या में वृद्धि हुई

2017 के मुंबई नगर निगम चुनावों की तुलना में इस वर्ष मतदाताओं की कुल संख्या में 12 लाख की वृद्धि हुई है। 2017 में मतदाताओं की संख्या लगभग 91 लाख थी। अब यह संख्या बढ़कर 1 करोड़ 3 लाख हो गई है। पिछले नौ वर्षों में मतदाताओं की संख्या में लगभग 12 लाख की वृद्धि दर्ज की गई है। इसलिए, अब सबकी निगाहें इस बात पर टिकी हैं कि ये बढ़े हुए मतदाता किसे वोट देंगे।

## मुंबई नगर निगम चुनावों में वार्ड प्रणाली क्या होगी?

मुंबई नगर निगम में वार्डों की संख्या बढ़ाकर 236 करने की प्रक्रिया शुरू की गई। हालांकि, बाद में इसे वापस 227 कर दिया गया। इसलिए, अगले महीने मुंबई में होने वाले चुनाव इन्हीं 227 वार्डों में होंगे। इन चुनावों के लिए केंद्रीय चुनाव आयोग द्वारा उपलब्ध कराई गई मतदाता सूचियों का उपयोग किया जाएगा, और ये सूचियां 1 जुलाई, 2025 तक मान्य होंगी।

## मुंबई के आंकड़े क्या कहते हैं?

चुनाव आयोग ने मुंबई नगर निगम चुनाव के लिए कुल 10,111 मतदान केंद्रों की पहचान की है। इसके लिए राज्य चुनाव आयोग ने 11,349 नियंत्रण इकाइयों और 22,698 मतदान इकाइयों की व्यवस्था की है।

## मतदाताओं की पहचान करने का काम अभी भी जारी है

चुनाव आयोग द्वारा जारी इस वर्ष की मतदाता सूची में 11 लाख तक फर्जी मतदाता पाए गए हैं। हालांकि, यह पता चला है कि सूची में मिलते-जुलते नाम थे और एक ही व्यक्ति का नाम दो बार दर्ज था। इसलिए, मुंबई नगर निगम ने फर्जी मतदाताओं की पहचान करने के लिए एक सॉफ्टवेयर विकसित किया है और इसके माध्यम से फर्जी मतदाताओं की खोज कर रहा है। एक वार्ड में 2 लाख फर्जी मतदाताओं के नामों का सत्यापन किया जा चुका है और वास्तव में केवल 89 हजार फर्जी मतदाता ही पाए गए हैं। वहीं, एक से अधिक वार्डों में नाम दर्ज लोगों के नामों का सत्यापन जारी है और अगले एक-दो दिनों में पूरा हो जाएगा।

## एशिया का सबसे अमीर निकाय

पिछले बीएमसी बजट में इस वित्तीय वर्ष के लिए लगभग 75,000 करोड़ रुपये खर्च होने का अनुमान लगाया गया था। यह रकम बेंगलुरु की नागरिक निकाय से लगभग चार गुना है, जो हर साल सिर्फ लगभग 20,000 करोड़ रुपये खर्च करती है। इस बड़े बजट की वजह से बीएमसी को एशिया का सबसे अमीर नागरिक निकाय में से एक होने का नाम मिलता है। बृहन्मुंबई म्युनिसिपल कॉर्पोरेशन 483 स्क्वायर किमी. में फैले 1.3 करोड़ से ज्यादा लोगों को सर्विस देता है। साउथ मुंबई के पॉश इलाकों से लेकर बांद्रा और जुहू जैसे लोकप्रिय उपनगरों तक, फिर दहिसर और देवनार जैसे दूर-दराज के उपनगरों तक, पूरी मुंबई का बीएमसी चुनाव में हिस्सा है। हालांकि बीएमसी चुनाव ज्यादा मुंबई शहर और उसके आस-पास के इलाकों के सिविक मुद्दों से जुड़े होते हैं।

## एकल-सदस्यीय या बहु-सदस्यीय चुनाव?

महाराष्ट्र के अन्य महानगरों में बहु-सदस्यीय वार्ड प्रणाली लागू है, जबकि मुंबई महानगर में एकल-सदस्यीय वार्ड प्रणाली लागू की जाएगी। इसलिए, मुंबई के मतदाताओं को प्रत्येक वार्ड के लिए केवल एक सदस्य का चुनाव करना होगा, यानी केवल एक बार मतदान करना होगा। हालांकि, मुंबई को छोड़कर 28 अन्य महानगरों में बहु-सदस्यीय प्रणाली है। कुछ स्थानों पर वार्ड में 3 सदस्य हैं, कुछ स्थानों पर 4 सदस्य हैं और कुछ स्थानों पर 5 सदस्य हैं। इस संदर्भ में, उन महानगर क्षेत्रों के मतदाताओं को 3 से 5 बार मतदान करना होगा, मुख्य चुनाव आयुक्त दिनेश वाघमारे ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में यह स्पष्ट किया। चुनाव आयुक्त दिनेश वाघमारे ने कहा कि मुंबई नगर निगम के निर्वाचन क्षेत्र में लगभग 11 लाख संभावित मतदाता थे जो दोबारा मतदान कर सकते थे। लेकिन मुंबई नगर निगम ने एक सॉफ्टवेयर टूल और फील्ड वेरिफिकेशन के माध्यम से समीक्षा की। इसके अनुसार, 11 लाख मतदाताओं में से केवल लगभग 7 प्रतिशत ही वास्तविक रूप से दोबारा मतदान करने वाले मतदाता पाए गए। अन्य नगर निगमों में भी स्थिति कमोबेश ऐसी ही है।

## मुंबई महानगरपालिका से संबंधित आंकड़े...

| | |
|---|---|
| कुल मतदान केंद्र | 10 हजार 111 |
| नियंत्रण इकाई | 11 हजार 349 |
| मतपत्र इकाई | 22 हजार 698 |
| मतदाता सूची | 1 जुलाई 2025 |

## चुनाव कार्यक्रम कैसा है?

| | |
|---|---|
| आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि | 23 दिसंबर से 30 दिसंबर तक |
| आवेदन की जांच | 31 दिसंबर, 2025 |
| उम्मीदवारी वापस लेने की अंतिम तिथि | 2 जनवरी, 2026 |
| चुनाव चिन्ह आवंटन और उम्मीदवारों की सूची | 3 जनवरी, 2026 |
| मतदान | 15 जनवरी, 2026 |
| मतगणना | 16 जनवरी, 2026 |

## बीएमसी चुनाव नतीजे

| पार्टी | 2017 | 2012 |
|---|---|---|
| भाजपा | 81 | 31 |
| शिवसेना | 84 | 75 |
| कांग्रेस | 31 | 52 |
| एनसीपी | 09 | 13 |
| एमएनएस | 07 | 28 |
| अन्य | 13 | 28 |

## उम्मीदवारों के लिए खर्च की सीमा क्या है?

राज्य चुनाव आयोग द्वारा घोषित किए गए अनुसार, मुंबई महानगरपालिका को 'ए' श्रेणी की महानगरपालिकाओं में शामिल किया गया है। इसलिए, मुंबई महानगरपालिका चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवारों के लिए चुनाव व्यय की सीमा 15 लाख रुपये निर्धारित की गई है।

